MODI 3.0

तीसरी बार प्रधानमंत्री बने नरेन्द्र मोदी ... की जवाहर लाल नेहरू की बराबरी।

# दिव्य आकाश

सुविचार

नियत साफ और
मन में जज्बा हो तो सफलता
सुनिश्चित है।

कोरबा से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

वर्ष-15, अंक-09 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 07 से 13 जून 2024 | पृष्ठ-8 मूल्य रू. 3.00





# नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार ली प्रधानमंत्री पद की शपथ, नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी की

## मोदी केबिनेट में 71 मंत्रियों ने ली शपथ

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।**

मै नरेंद्र दामोदर दास मोदी... नरेन्द्र मोदी ने रविवार को लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेकर इतिहास रच दिया। इसके साथ ही वह इस उपलब्धि को हासिल करने वाले पहले गैर-कांग्रेसी नेता और जवाहरलाल नेहरू के बाद दूसरे ऐसे नेता बन गए हैं। बहुत कम ही लोगों ने सोचा होगा कि भाजपा का कोई नेता यह उपलब्धि हासिल कर सकेगा। मोदी को तीसरे कार्यकाल में जनादेश पूर्व के दो कार्यकालों की तरह नहीं मिला है। इस बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा अपने दम पर बहुमत हासिल करने में विफल रही। चुनाव से पूर्व भाजपा ने चार सौ पार का नारा दिया था लेकिन वह अपने गठबंधन के सहयोगियों के साथ तीन सौ के आंकड़े को भी पार नहीं कर सकी।

इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और 'इंडिया गठबंधन ने अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन किया और उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान सहित कई हिन्दी पट्टी के क्षेत्रों में भाजपा के रथ को रोकने में सफलता हासिल की। यही कारण रहा कि नतीजों के बाद विपक्षी दलों ने चुनाव परिणामों को मोदी की 'नैतिक हार करार दिया। कांग्रेस को इस चुनाव में 99 सीटों पर सफलता मिली। बहरहाल, यह भाजपा की विशाल राजनीतिक उपस्थिति का ही परिणाम है कि लगातार तीसरे लोकसभा चुनाव में उसने 240 सीटें हासिल कर सबसे बड़े दल का तमगा हासिल किया। भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने 293 सीटें जीती हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे किसी भी चुनाव-पूर्व गठबंधन की सबसे बड़ी सफलता करार दिया है। चुनावों से मिली चुनौतियों के बावजूद, आने वाले वर्षों में भारतीय राजनीति 73 वर्षीय मोदी के इर्द-गिर्द ही घूमने वाली है। हालांकि, इस दौरान उन्हें गठबंधन की राजनीति के विभिन्न पहलुओं का सामना करना पड़ेगा।

गोधरा ट्रेन अग्निकांड के बाद राज्य में हुए दंगों के साये में 2002 में गुजरात विधानसभा चुनावों में पहली बार भाजपा का नेतृत्व करने के बाद से मोदी ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। हालांकि उनके विरोधियों ने 2002 में उन्हें राजनीतिक रूप से खारिज कर दिया था, लेकिन वह अपनी पार्टी के लिए हिंदुत्व और विकास का विजयी मिश्रण बनकर ताकत के साथ उभरते चले गए। मोदी ने 2002, 2007 और 2012 में गुजरात में पार्टी का नेतृत्व किया और सत्ता में पहुंचाया और इसके बाद 2014 और 2019 में केंद्र में अपनी पार्टी को जीत दिलाने और सत्ता तक पहुंचाने में सबसे अहम भूमिका निभाई। हालांकि इस बार भाजपा की जीत सबसे अलग है क्योंकि वह अपने दम पर बहुमत लाने में विफल रही। साल 2014 में पहली बार पदभार संभालने के बाद मोदी को पहली बार इस दफे एक मजबूत विपक्ष का सामना करना पड़ा है।

## मोदी 3.0 के कैबिनेट मंत्री : शिवराज और खट्टर भी मोदी केबिनेट में, छत्तीसगढ़ से तोखन साहू

राजनाथ सिंह ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली
अमित शाह ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली
नितिन गडकरी ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली
जेपी नड्डा ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली
शिवराज सिंह ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली
निर्मला सीतारमण ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली
एस जयशंकर ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली
मनोहरलाल खट्टर ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली
जेडीएस के एचडी कुमारस्वामी ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली
पीयूष गोयल ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली
धर्मेंद्र प्रधान ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली
एचयूएम पार्टी के जीतनराम माझी ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली
जेडीयू के राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली
सर्वानंद सोनोवाल ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली
वीरेंद्र कुमार ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली
टीडीपी के राममोहन नायडू ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली
प्रह्लाद जोशी ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली
जुएल ओरांव ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली
गिरिराज सिंह ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली
अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली
ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली
भूपेंद्र यादव ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली
गजेंद्र सिंह शेखावत ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली
अन्नपूर्णा देवी कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली
किरन रिरिजू ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली
हरदीप सिंह पुरी ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली
मनसुख मांडविया ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली
जी किशन रेड्डी ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली
चिराग पासवान ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली
सीआर पाटिल ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली

**राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार )**

राव इंद्रजीत ने राज्य मंत्री पद (स्वतंत्र प्रभार) की शपथ ली
डॉ. जितेंद्र सिंह ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की शपथ ली
अर्जुन राम मेघवाल ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की शपथ ली
शिवसेना से प्रतापराव गणपत राव ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की शपथ ली
आरएलडी के जयंत चौधरी ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की शपथ ली
जितिन प्रसाद ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की शपथ ली
श्रीपद नाइक ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की शपथ ली

**राज्य मंत्री**

पंकज चौधरी ने राज्य मंत्री की शपथ ली
कृष्णपाल गुर्जर ने राज्य मंत्री की शपथ ली
रामदास अठावले ने राज्य मंत्री की शपथ ली
रामनाथ ठाकुर ने राज्य मंत्री की शपथ ली
नित्यानंद राय ने राज्य मंत्री की शपथ ली
अनुप्रिया पटेल ने राज्य मंत्री की शपथ ली
वी सोमन्ना ने राज्य मंत्री की शपथ ली
टीडीपी के डॉ. पी चंद्रशेखर राज्य मंत्री की शपथ ली
एसपी बघेल ने राज्य मंत्री की शपथ ली
शोभा करंदलाजे ने राज्य मंत्री की शपथ ली
कीर्तिवर्धन सिंह ने राज्य मंत्री की शपथ ली
शांतनू ठाकुर ने राज्य मंत्री की शपथ ली
सुरेश गोपी ने राज्य मंत्री की शपथ ली
डॉ. एल मुरुगन ने राज्य मंत्री की शपथ ली
अजय टम्टा ने राज्य मंत्री की शपथ ली

## खड़गे, शाहरुख खान, गौतम अदाणी और मुकेश अंबानी शपथ समारोह में शामिल होने पहुंचे



राष्ट्रपति भवन में मनोनीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ समारोह में शामिल होने कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे, अभिनेता शाहरुख खान और अक्षय कुमार पहुंचे दोनों ने एक-दूसरे का अभिवादन करते हुए देखा गया। वहीं भाजपा सांसद-निर्वाचित कंगना रनौत राष्ट्रपति भवन में शपथ समारोह में शामिल हुईं। इसके अलावा अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी और मुकेश अंबानी भी समारोह में शामिल होने पहुंचे। अभिनेता विक्रांत मैसी ने भी इस अवसर पर कहा, यह एक ऐतिहासिक तीसरा कार्यकाल है... मैं एनडीए सरकार के साथ अगले 5 वर्षों का इंतजार कर रहा हूं... सरकार ने पिछले 10 वर्षों में काम किया है। मैंने बदलाव देखा है... भारत है एक बड़ा देश और बदलाव रातोरात नहीं होता, इसके लिए समय लगता है।

## कश्मीर में श्रद्धालुओं की बस पर हमला, 10 की मौत

**श्रीनगर ( एजेंसी )।**

जम्मू-कश्मीर के रियासी में आतंकियों ने श्रद्धालुओं को ले जा रही बस पर हमला किया है। इसमें 10 लोगों के मारे गए हैं, जबकि कई लोग घायल हुए हैं। नई दिल्ली में पीएम मोदी और नई कैबिनेट के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान रियासी जिले के कंदा इलाके में यह अटैक हुआ।

रियासी की स्स्क मोहिता शर्मा ने कहा कि शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक आतंकियों ने शिव खोड़ी से कटरा जा रही बस पर ओपन फायर किया, जिसमें ड्राइवर घायल हुआ और उसका बस से कंट्रोल खो गया। इसके चलते बस खाई में गिर गई। 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 33 लोग घायल हो गए।

मोहिता शर्मा ने बताया कि बस में सवार अन्य यात्रियों का रेस्क्यू कर लिया गया है। यात्रियों की पहचान नहीं हो पाई है। ज्यादातर श्रद्धालु उत्तर प्रदेश के हैं।



सुरक्षाबलों ने शिव खोड़ी मंदिर इलाके को सिक्योर करके अपने कब्जे में ले लिया है।

## तोखन साहू मोदी कैबिनेट में मंत्री बने



छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से सांसद तोखन साहू ने रविवार देर शाम केंद्र में मंत्री पद की शपथ ली। उन्हें मोदी मंत्रिमंडल में राज्यमंत्री बनाया गया है। केंद्र में राज्यमंत्री बनने वाले तोखन साहू 7वें सांसद हैं। वो पहली बार ही लोकसभा का चुनाव जीतकर सांसद बने हैं। तोखन साहू के गांव में खुशी की लहर है। जमकर आतिशबाजी की जा रही है। वहीं नरेंद्र मोदी के तीसरी बार शपथ लेने पर रायपुर और बिलासपुर में भी जश्न मनाया जा रहा है। शहर के जय स्तंभ चौक पर आतिशबाजी हो रही है और मिठाइयां बांट रहे हैं। तोखन साहू ने पहली बार लोकसभा की दहलीज पर कदम रखा तो वहां पर प्रवेश द्वार की सीढ़ियों को दंडवत प्रणाम किया था।

## रिक्ता तिथि में शपथ ग्रहणः प्रधानमंत्री मोदी के सामने 6 महीने कड़ी चुनौतियां, जनवरी के बाद होंगे बड़े फैसले

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीसरे कार्यकाल के लिए हुई शपथ का समय ज्योतिष गणना के बाद परिवर्तित किया गया था। पहले शपथ ग्रहण का समय 9 जून शाम 6 बजे होने की खबरें थी लेकिन बाद में राहु काल के कारण समय में बदलाव किया गया। रविवार को दिल्ली में राहु काल का समय शाम 5.34 से लेकर 7.18 बजे तक था और प्रधान मंत्री ने शाम 7.23 बजे शपथ ली। शपथ ग्रहण के समय पंचांग के पांच अंगों में से वार, नक्षत्र, योग और करण ज्योतिष के लिहाज से सही हैं जबकि चतुर्थी तिथि रिक्ता तिथि है और इस तिथि को शुभ कार्य वर्जित माने जाते हैं।

शपथ ग्रहण की कुंडली वृश्चिक लगन की निकली है और शपथ ग्रहण के समय चन्द्रमा गुरु के पुनर्वसु नक्षत्र में कर्क राशि में भाग्य स्थान में गोचर कर रहे थे जबकि लगन का स्वमी मंगल शपथ ग्रहण कुंडली में छठे भाव में जाना बहुत शुभ नहीं है। हालाँकि पाप ग्रहों का तीसरे,छठे और ग्याहरवें भाव में जाना अच्छा होता है लेकिन लगन के स्वामी का छठे भाव में जाना शुभ नहीं है। यह रोग ऋण और शत्रु का भाव होता है और विवास भी इसी भाव से देखे जाते हैं लिहाजा सरकार के कार्यकाल के दौरान प्रधान मंत्री को चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। शपथ ग्रहण के समय शनि,शुक्र और मंगल का अपनी ही राशि में होना बहुत अच्छा है , इनमे से भी शनि और मंगल तो अपनी मूल त्रिकोण राशि कुंभ और मेष में गोचर कर रहे हैं। शपथ ग्रहण के समय गुरु में राहु की अंत ‘दशा चल रही थी और इसे ज्योतिष की भाषा में दशा छिद्र कहते हैं हालाँकि दोनों गृह एक दुसरे से तीसरे और ग्याहरवें भाव में हैं लेकिन राहु चूँकि गुरु के भाव में हैं और गुरु मारक स्थान ( दूसरा भाव ) के भी स्वामी हैं लिहाजा यह भी ज्योतिष के लिहाज से अच्छा नहीं है और 19 जनवरी तक सरकार के समक्ष चुनौतियाँ ज्यादा रहेंगी। इसके बाद शनि की दशा शुरू होगी और शनि शपथ ग्रहण कुंडली में चौथे बहाव में अपनी ही राशि कुंभ में विराजमान है। यह जनता का भाव होता है और जनता से संबंधित बड़े फैसले जनवरी 2025 के बाद देखने को मिल सकते हैं। शपथ ग्रहण कुंडली में गुरु,शुक्र,बुध और सूर्य का सप्तम भाव में जाना अच्छा है। सूर्य दसवें भाव के सवाई हो कर सप्तम भाव में पंचम भाव के स्वामी गुरु के साथ केंद्र त्रिकोण राजयोग का निर्माण कर रहे हैं। यह राज काज को चलाने के लिहाज से अच्छा योग है लेकिन प्रधान मंत्री को अपने इस कार्यकाल के दौरान राजनीतिक साजिशों का भी ध्यान रखना पड़ेगा और उनके सामने अपने पहले दो कार्यकाल के मुकाबले ज्यादा चुनौतियां रहेंगी।

# शपथ ग्रहण से पहले मोदी संभावित कैबिनेट से मिले:100 दिन के रोडमैप पर चर्चा की, पेंडिंग योजनाओं को पूरा करने का निर्देश दिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

नरेंद्र मोदी ने अपने शपथ ग्रहण के पहले पीएम आवास पर रविवार को सुबह 11.30 बजे मंत्रिमंडल के संभावित मंत्रियों से मुलाकात की। इस दौरान अपनी सरकार के विजन को साझा किया और शुरुआती 100 दिन के रोडमैप पर चर्चा की।

मोदी ने कहा कि इस रोडमैप को लागू करना है और पेंडिंग योजनाओं को भी पूरा करना है। उन्होंने कहा कि जो आपको विभाग मिलेगा, उसके कामों का आप जल्द से जल्द पूरा करें। अपने टारगेट की चिंता करें।

**पीएम की चर्चा में 63 नेता पहुंचे**

पीएम ने अपने आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर संभावित मंत्रियों के साथ हाई-टी का आयोजन किया। इनमें राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, मनोहर लाल खट्टर, सर्बानंद सोनोवाल, ज्योतिरादित्य सिंधिया, धर्मेंद्र प्रधान, डॉ. एस जयशंकर, जयंत चौधरी, किरण रिजिजू, अनुप्रिया पटेल, रवनीत सिंह बिट्टू, जितिन प्रसाद, पंकज चौधरी, राजीव (ललन) सिंह, संजय सेठ, शोभा करंदलाजे, गिरिराज सिंह, रामदास अठावले, नित्यानंद राय, बीएल वर्मा, अन्नपूर्णा देवी, अर्जुन राम मेघवाल, पीयूष गोयल, राव इंद्रजीत सिंह, अजय



टम्टा, जीतन राम मांझी, चिराग पासवान, निर्मला सीतारमण, जी किशन रेड्डी, बंदी संजय आदि शामिल हैं। इस दौरान भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद रहे।

**खट्टर बोले- मोदी सिर्फ उन्हीं को बुलाते हैं, जिन्हें कैबिनेट में रखना चाहते हैं**

बैठक खत्म होने के बाद हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और करनाल से सांसद मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि यह नरेंद्र मोदी की परंपरा है कि वे चाय पर चर्चा के लिए अपने आवास पर लोगों को बुलाते हैं। वे सिर्फ उन्हीं को निमंत्रण देते हैं, जिन्हें वे कैबिनेट में रखना चाहते हैं। कुछ औपचारिकताएं थीं, जो मैंने पूरी कर ली हैं। उन्होंने हम सभी को अगले 24 घंटे तक दिल्ली में रहने को कहा है। हरियाणा से मेरे अलावा राव इंद्रजीत सिंह और कृष्ण पाल गुर्जर भी मौजूद थे।

**अब डीटेल में जानिए, क्या है मोदी का 100 दिन वाला प्लान**

'चुनाव से एक महीने पहले मैंने 5 साल का प्लान बनवाया और उसमे से 100 दिन का प्लान निकालने को कहा। इस पर प्रायोरिटी के हिसाब से काम होगा। प्लान में मैंने 25 दिन और जोड़ दिए हैं। देशभर के युवा रोडमैप पर सुझाव दे रहे हैं। मैंने तय किया है कि 100 दिनों के अलावा 25 दिन युवाओं के सुझाव पर अमल के होंगे।'

20 मई को दिए एक इंटरव्यू में पीएम मोदी ने ये बात कही थी। लोकसभा चुनाव से पहले ही मोदी ने साफ कर दिया था कि वे नई सरकार के अगले 100 दिनों के प्लान पर काम कर रहे हैं। 100 दिन के एजेंडे में एग्रीकल्चर, फाइनेंस, डिफेंस में जरूरी सुधार और जल्द पूरे किए जाने वाले प्रोजेक्ट भी शामिल हैं। सरकार के टॉप एजेंडे में शामिल सुधारों में सेना में थिएटर कमांड तैयार करना भी है।

**नतीजों में भाजपा को बहुमत न मिलने से 100 दिनों के रोडमैप पर असर संभव**

भाजपा इन चुनावों में 400 से ज्यादा सीटें जीतने का दावा कर रही थी। 100 दिन का एक्शन प्लान भी इसी उम्मीद पर बनाया गया था कि भाजपा को बहुमत मिलेगा। वहीं, नतीजों में भाजपा 400 सीटें तो दूर, बहुमत (272) के आंकड़े से भी दूर रह गई।

एनडीए को बहुमत तो मिला, लेकिन साथ मिले गठबंधन के दो मजबूत साथी टीडीपी और जेडीयू । इनके बिना फिलहाल बहुमत नहीं है और इन्हें इस 100 दिन के प्लान में से कई चीजें मंजूर नहीं हैं।

नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू कई बार यूनिफॉर्म सिविल कोड,सीएए-एनआरसी , प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट को खत्म करने, मुस्लिम रिजर्वेशन और वन नेशन-वन इलेक्शन पर विरोध दर्ज कराते रहे हैं। हालांकि, भाजपा सूत्रों के मुताबिक पार्टी, गठबंधन धर्म का पालन करेगी, लेकिन किसी की भी गैर-जरूरी मांगों के आगे नहीं झुकेगी।

वहीं, भाजपा ने प्लान-बी पर भी काम शुरू कर दिया है और छोटे दलों समेत इंडिपेंडेंट कैंडिडेट्स से बात की जा रही है।

## 100 दिन का एक्शन प्लान

**23 फरवरी 2024 को दिल्ली में पीएम मोदी ने मंत्रियों से कहा था कि अगले 5 साल का रोडमैप और 100 दिनों का एक्शन प्लान बनाएं। अफसर आचार संहिता के दौरान इस पर होमवर्क करते रहे। 5 अप्रैल को राजस्थान के चूरू में एक चुनावी रैली में खुद मोदी ने कहा, 10 साल में हमने जो काम किया वो ट्रेलर था, पूरी पिक्चर अभी आनी बाकी है।**

1. वन नेशन-वन इलेक्शन
2. यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी)
3. मुस्लिम आरक्षण खत्म करना
4. प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट में बदलाव
5. दिल्ली मास्टर प्लान
6. वक्फ बोर्ड खत्म करना
7. महिला आरक्षण
8. 70 साल के बुजुर्गों के लिए मुफ्त इलाज
9. पेपर-लीक नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कानून
10. सीएए का कम्प्लीट इम्प्लिमेंटेशन
11. यूनियन बजट
12. न्यू एजुकेशन पॉलिसी
13. जनगणना (2026 में परिसीमन होना है)
14. लखपति दीदी की संख्या 3 करोड़ तक ले जाना
15. पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना
16. किसानों के लिए ऑयल सीड्स और पल्सेज पर ध्यान
17. भारत को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना
18. रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म पर ध्यान देना
19. स्केल, स्कोप, स्पीड, स्किल के एजेंडे पर काम करना

## मानसून मुंबई पहुंचा, महाराष्ट्र-कर्नाटक में दो दिन भारी बारिश का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

देश में हीटवेव का सिलसिला लगातार जारी है। शनिवार (8 जून) को 6 राज्यों- हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, गुजरात की 35 जगहों का तापमान 42 डिग्री से ज्यादा दर्ज किया गया। उत्तर प्रदेश का प्रयागराज 45.2° सेल्सियस के साथ देश में सबसे गर्म रहा।

उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और ओडिशा के कुछ स्थानों में आज से अगले 5 दिन तक हीटवेव चलने की संभावना है। वहीं, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश में अगले पांच दिन में तापमान में 3 से 5 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है।

वहीं, उत्तर भारत में पड़ रही गर्मी के बीच रविवार (9 जून) को मानसून मुंबई पहुंच गया। इसके यहां पहुंचने की अनुमानित तारीख 11 जून थी। छत्तीसगढ़ और ओडिशा में शनिवार 8 जून को मानसून की एंट्री हुई। राजस्थान के बाड़मेर, जैसलमेर, चित्तौड़गढ़ और उदयपुर में तेज बारिश हुई। जैसलमेर के रामगढ़ में ओले भी गिरे। अगले 2 दिन तक इसी तरह के मौसम रहने की संभावना है।

मौसम विभाग ने महाराष्ट्र और कर्नाटक में आज और कल (दो दिन तक) भारी बारिश का अनुमान जताया है। 11 और 12 जून को गुजरात के कई जिलों में गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। गुजरात में मानसून पहुंचने की तय तारीख 15 जून है। हालांकि संभावना है कि यह समय से पहले गुजरात में प्रवेश कर जाएगा।

## उच्च शिक्षा विभाग:शासकीय कॉलेजों के लिए 2169 असिस्टेंट प्रोफेसरों की होगी भर्ती

**रायपुर, एजेंसी।**

प्रदेश के शासकीय कॉलेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर के साथ ही प्रोफेसर के भी कई पद खाली हैं। इन पदों को भरने की तैयारी की जा रही है। इसे लेकर के लिए उच्च शिक्षा विभाग से प्रस्ताव बनाकर वित्त विभाग को भेज दिया गया है। वहां के अनुमति मिलने के बाद पीएससी से वैकेंसी निकाली जाएगी। जुलाई में सेट आयोजित किया जाएगा। इसे लेकर संभावना है कि असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए सितंबर में वैकेंसी निकलेगी। वहीं प्रोफेसर के लिए इससे पहले भर्ती आएगी।

राज्य के असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए वर्ष 2019 में 13 सौ से अधिक पदों पर भर्ती निकली थी। जबकि वर्ष 2021 में प्रोफेसर के लिए वैंकेसी आई थी, लेकिन विभिन्न कारणों से यह पूरी नहीं हो पाई। अब नए सिरे से फिर प्रोफेसर भर्ती की तैयारी की जा रही है। जानकारी के मुताबिक प्रदेश में उच्च शिक्षा से जुड़े 649 कॉलेज हैं। इन कॉलेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर 5315 पद हैं। इनमें से 2169 रिक्त हैं। इसी तरह प्रोफेसर के 532 पद खाली हैं। सभी पदों के लिए अनुमति मांगी गई है। हालांकि, वित्त से कितने पद स्वीकृत होते हैं, यह कुछ दिनों के बाद पता चलेगा। इसे लेकर उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि भर्ती को लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है। अनुमति मिलने के कुछ दिन बाद ही पीएससी को प्रस्ताव भेज दिया जाएगा।

**प्रोफेसर के लिए अधिकतम आयु इस बार 56 वर्ष**

प्रोफेसर भर्ती के नियम में संशोधन किया गया है। इसके अनुसार सके अनुसार 56 के उम्र में भी प्रोफेसर बन सकेंगे। पहले अधिकतम आयु 45 वर्ष थी। इसे लेकर ही पिछली भर्ती में विवाद हुआ था। जानकारी के मुताबिक छग की स्थापना के बाद राज्य में पहली बार सितंबर 2021 में सरकारी कॉलेजों में प्रोफेसर की सीधी भर्ती निकली थी। इसके लिए पीएससी से आवेदन मंगाए गए थे। 7 हजार से अधिक उम्मीदवारों ने आवेदन किया था। लेकिन यह प्रक्रिया शुरू होने के कुछ दिन बाद ही भर्ती पर रोक लगा दी गई।

दरअसल, भर्ती नियम को लेकर विवाद की स्थिति थी। खासकर अधिकतम आयु को लेकर। तब प्रोफेसर भर्ती के तहत पुरुष (अनारक्षित) वर्ग के लिए न्यूनतम आयु सीमा 31 और अधिकतम 45 वर्ष निर्धारित की गई थी। इसका यह कहकर विरोध किया गया था कि प्रोफेसर भर्ती में जो अधिकतम आयु है, वह सही नहीं है। दूसरे राज्यों में प्रोफेसर भर्ती के लिए अधिकतम आयु 55 और कुछ राज्यों में 58 वर्ष है। हालांकि, अब नियम में बदलाव हो चुका है।

## जेईई एडवांस्ड रिजल्ट 2024 जारी:इंदौर के वेद लाहोटी ने टॉप किया, 25.85 प्रतिशत कैंडिडेट्स हुए पास

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मद्रास (IIT Madras) ने JEE एडवांस्ड रिजल्ट 2024 जारी कर दिया है। एग्जाम में इंदौर के वेद लाहोटी ने टॉप किया है। IIT दिल्ली जोन के लाहोटी को कुल 360 में से 355 मार्क्स मिले हैं। कैंडिडेट्स JEE एडवांस्ड की ऑफिशियल वेबसाइट jeeadv.ac.in पर जाकर अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं।

**48,248 कैंडिडेट हुए पास**

इस साल JEE एडवांस्ड के पेपर 1 और 2 दोनों के लिए कुल 1,80,200 कैंडिडेट्स एग्जाम में शामिल हुए। इसमें से कुल 48,248 उम्मीदवारों ने JEE एडवांस्ड 2024 एग्जाम क्लियर किया है, जिनमें से 40284 मेल कैंडिडेट्स और 7964 फीमेल कैंडिडेट्स हैं।

IIT बॉम्बे जोन की द्विजा धर्मेशकुमार पटेल JEE एडवांस्ड रिजल्ट 2024 में टॉप रैंक वाली महिला उम्मीदवार बनी हैं। इन्हें JEE एडवांस्ड में 360 में 332 मार्क्स मिले हैं।

**रिजल्ट के साथ आंसर-की भी जारी**

रिजल्ट के साथ-साथ फाइनल आंसर की भी जारी कर दी गई है। इसके अलावा जल्द ही JEE एडवांस्ड के कट-ऑफ मार्क्स, टॉपर्स लिस्ट और उनके मार्क्स भी जारी किए जाएंगे।

**10 जून से शुरू होगी काउंसलिंग**

कैंडिडेट्स जो भी JEE एडवांस्ड एग्जाम में पास हुए हैं, उन सभी को IIT के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग लेना होगा। यह काउंसलिंग प्रक्रिया जॉइंट सीट एलोकेशन अथॉरिटी काउंसलिंग (JoSAA) के जरिए आयोजित की जाती है। JoSAA काउंसलिंग 2024, 10 जून से शुरू होगी। यह काउंसलिंग 10 जून से 26 जुलाई के बीच में 5 राउंड में पूरी की जाएगी।

**कुल 25.85 प्रतिशत कैंडिडेट्स पास हुए**

इस साल JEE एडवांस्ड एग्जाम में कुल 1 लाख 86 हजार 584 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन किया था। इनमें से 1 लाख 80 हजार 200 ने दोनों पेपर की परीक्षा दी थी। अब इनमें से कुल 48,248 स्टूडेंट्स IIT JEE में पास हो पाए हैं। यह कुल कैंडिडेट्स का 25.85 प्रतिशत है, जो पिछली बार से बेहतर है।



वेद लाहोटी
AIR 1

### JEE एडवांस्ड 2024 टॉपर्स



द्विजा धर्मेश कुमार पटेल

| रैंक | नाम | मार्क्स |
|---|---|---|
| 1 | वेद लाहोटी | 355/360 |
| 2 | आदित्य | 346/360 |
| 3 | भोगलापल्ली संदेश | 338/360 |
| 4 | रिदम केडिया | 337/360 |
| 5 | पुट्टी कुशल कुमार | 334/360 |
| 6 | राजदीप मिश्रा | 333/360 |
| 7 | द्विजा धर्मेशकुमार पटेल | 332/360 |
| 8 | कोडुरु तेजेश्वर | 331/360 |
| 9 | ध्रुविन हेमंत दोशी | 329/360 |
| 10 | अल्लादाबोइना सिधविक सुहास | 329/360 |

**35 प्रतिशत है जरनल का पासिंग मार्क्स**

जनरल कैटेगरी के कैंडिडेट्स को IIT JEE एडवांस्ड पास करने के लिए कम से कम 35 प्रतिशत मार्क्स लाने होंगे, जबकि OBC और EWS कैंडिडेट्स को 31.5 प्रतिशत मार्क्स चाहिए। वहीं, SC-ST कैंडिडेट्स को 17.5 प्रतिशत मार्क्स प्राप्त करने होंगे।

**जेईई एडवांस्ड से मिलेगा देश के टॉप IITs में एडमिशन**

इस एग्जाम के जरिए 12वीं के बाद देश के टॉप IITs में इंजीनियरिंग कोर्सेज में एडमिशन ले सकते हैं। जेईई एडवांस्ड देने के लिए एग्जाम का पहला स्टेज यानी JEE Mains क्वालिफाई करना जरूरी है। JEE Mains ऑनलाइन मोड में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी कंडक्ट करती है। वहीं, देश के टॉप 7 IITs में से कोई एक हर साल जेईई एडवांस्ड का एग्जाम कंडक्ट करता है। ये IITs हैं - IIT खड़गपुर, IIT कानपुर, IIT मद्रास, IIT दिल्ली, IIT बॉम्बे, IIT गुवाहाटी, IIT रुड़की और IISc बेंगलुरु।

**26 मई को आईआईटी मद्रास ने कंडक्ट किया था एग्जाम**

इस साल जेईई एडवांस्ड का एग्जाम आईआईटी मद्रास ने कंडक्ट किया था। 26 मई को दो शिफ्टों में ये एग्जाम हुआ। जेईई एडवांस्ड पेपर 1 सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच हुआ। इसके बाद सेकेंड शिफ्ट में दोपहर 2.30 बजे से शाम 5.30 बजे के बीच पेपर 2 कंडक्ट किया जाएगा। जेईई एडवांस्ड के बेसिस पर देश के टॉप IITs में BTech, MTech, इंटीग्रेटेड मास्टर्स और डुअल डिग्री प्रोग्राम में एडमिशन ले सकेंगे।

**जेईई एडवांस्ड एग्जाम पैटर्न**

जेईई एडवांस्ड एग्जाम ऑनलाइन मोड में होता है। एग्जाम में दो पेपर पेपर 1 और पेपर 2 होते हैं। दोनों टेस्ट पेपर्स को सॉल्व करने के लिए 3 घंटे का समय दिया जाता है। दोनों पेपर में फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ्स से जुड़े सवाल होते हैं। एक पेपर में टोटल 58 सवाल होते हैं यानी हर सेक्शन में 18 सवाल होते हैं।

## कोरबा विधानसभा के परिणाम को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने की लखन से भेंट

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

2024 के लोकसभा चुनाव मे कोरबा विधानसभा के परिणाम को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कोरबा मंडल ,कोसाबाडी मंडल, दर्री मंडल, बांकी मोगरा मंडल के कार्यकर्ताओं ने कोरबा विधायक एवं मंत्री लखन लाल देवांगन के निवास पर जाकर उनसे चर्चा की व उनके कुशल मार्गदर्शन में विधानसभा में अच्छे परिणाम आने पर उन्हें शुभकामना भी प्रेषित की ।



इस अवसर पर कोसाबाडी मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, कोरबा मंडल अध्यक्ष परविंदर सिंह ,दर्री मंडल अध्यक्ष ईश्वर साहू ,बाकी मोगरा महामंत्री मनीष मिश्रा कोसाबाडी मंडल महामंत्री सुमन सोनी मंत्री रमा मिरी,कोषाध्यक्ष चंदन सिंह, संजीव शर्मा ,हरे राम साहू, रितेश कुमार साहू ,संजय सिंह अंकित सिंह,संजय कुर्मवंशी, अयोध्या प्रसाद सोनी के साथ अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ में 2 दिन पहले पहुंचा मानसून



**रायपुर, एजेंसी।**

छत्तीसगढ़ के कई जिलों में दोपहर बाद मौसम ने करवट ले ली है। रायपुर सहित कई जिलों में तेज हवाएं चलने और गरज-चमक के साथ झमाझम बारिश हो रही है। बारिश को लेकर मौसम विभाग ने यलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसे प्री-मानसून की बारिश बताया जा रहा है।

प्रदेश में दो दिन पहले ही सुकमा के रास्ते दक्षिण-पश्चिम मानसून की एंट्री हो गई है। आमतौर पर प्रदेश में 10 जून को मानसून की एंट्री होती है। मानसून के आते ही बस्तर संभाग के कई जिलों में बारिश शुरू हो गई है। अगले 3 दिनों में सुकमा से आगे बढ़ते हुए मानसून रायपुर पहुंचेगा। पिछले साल छत्तीसगढ़ में मानसून देरी से पहुंचा था। इस साल प्रदेश में औसत से ज्यादा बारिश की उम्मीद है।

**इन जिलों में बारिश का यलो अलर्ट-** अगले 3 घंटों में जशपुर, कोरिया, मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर, सूरजपुर, सरगुजा में अलग-अलग स्थानों पर बिजली और तेज हवा के साथ गरज के साथ बारिश होने की संभावना है।

**इन जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट-** अगले 3 घंटों में बालोद, बलौदाबाजार, बस्तर, बेमेतरा, दंतेवाड़ा, धमतरी, दुर्ग, गरियाबंद, कबीरधाम, कांकेर, केसी गंडई, महासमुंद, मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी, रायपुर, राजनांदगांव, सुकमा में अलग-अलग स्थानों पर बिजली और सतही हवा के साथ मध्यम गरज के साथ बारिश होने की संभावना है।

**रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग में यलो अलर्ट**

मौसम विज्ञानी गायत्री वानी ने बताया कि छत्तीसगढ़ में मानसून पहुंच चुका है। अब आगे चलकर यह रायपुर और पूरे प्रदेश में पहुंचेगा। प्रदेश में पिछले 24 घंटे में अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं हुआ है । रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग में अगले दो दिनों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। 10 जून तक थंडर स्टॉर्म एक्टिविटी में गिरावट देखने को मिलेगी।

**जगदलपुर में पारा समान्य से नीचे**

बस्तर संभाग के जिलों में बादल छाए रहने और हल्की बारिश के कारण दिन का तापमान सामान्य के कम हो गया है। शनिवार को जगदलपुर में दिन का तापमान 34.2 डिग्री रहा, जो सामान्य से करीब 2.1 डिग्री कम है। वहीं, बस्तर में तापमान 34.2°C, नारायणपुर में 34.8°C, बीजापुर में 34.9 °Cऔर दंतेवाड़ा में 35.8 डिग्री रहा।

**समय पर बारिश होने से सितंबर तक फसल तैयार होती है**

कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक छत्तीसगढ़ में आमतौर पर 100 से 110 दिन में पकने वाली फसल लगाई जाती है। समय पर बारिश शुरू होने से कृषि कार्य भी तय समय से शुरू हो जाते हैं, तो सितंबर के अंत तक फसल तैयार हो जाती है । इस साल समय पर मानसून पहुंचा है। ऐसे में किसान भी अपनी तैयारी में जुट गए हैं।





चिलचिलाती गर्मी में उनकी भी चिंता करो एक सकोरा पानी भर इनकी भी प्यास बुझाओ...

# दिव्य आकाश

कोरबा से प्रकाशित एवं मुद्रित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

कोरबा, शुक्रवार दिनांक 07 से 13 जून 2024


**सुविचार**

तू अपनी खूबियां ढूंढ खामिया निकालने के लिए बहुत लोग हैं...।



छत्तीसगढ़ की अदिति का बॉलीवुड में डेब्यू पेज नं.-7 पर...

## सोने-चांदी की कीमतों में जबरदस्त गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

अमरीका (यू.एस.)में आए नौकरियों के बेहतर आंकड़े और चीन में मई महीने में सोने की खरीद 18 महीने के निचले स्तर पर लुढ़कने के कारण यू.एस. के कमोडिटी बाजार में शुक्रवार को सोने-चांदी जैसी कीमती धातुओं के अलावा बेस मैटल्स भी धराशायी हो गए। सोने की कीमतों में 3 फीसदी की गिरावट देखी गई, जबकि चांदी 7 फीसदी और अन्य बेस मैटल 5 फीसदी तक लुढ़क गए। अमरीका में मैटल्स की कीमतों में आई इस बड़ी गिरावट के बाद भारत में सोमवार को इनकी कीमतें गिरना तय माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि चीन के केंद्रीय बैंक ने मई में सोना खरीदना बंद कर दिया, जिसके चलते इंटरनैशनल मार्कीट में सोने के दाम धराशायी हो गए। अक्तूबर 2022 के बाद पहली



बार मई में ऐसा मौका है जब चीन के पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने अपने गोल्ड रजिर्व में किसी तरह का इजाफा नहीं किया।

**सोने-चांदी के वैश्विक भाव**

कॉमैक्स पर सोने का वैश्विक वायदा भाव 3.34 फीसदी या 79.80 डॉलर की गिरावट के साथ 2,311.10 डॉलर प्रति औंस पर था। वहीं, इसका वैश्विक हाजिर भाव गिरकर 2,293.78 डॉलर व चांदी का वायदा भाव 6.69 फीसदी या 2.09 डॉलर की गिरावट के साथ 29.27 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया था। वहीं, चांदी का वैश्विक हाजिर भाव 29.15 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया था।

**एमसीएक्स पर सोने-चांदी के भाव**

एमसीएक्स एक्सचेंज पर शुक्रवार की शाम को सोने में बड़ी गिरावट देखने को मिली थी। एमसीएक्स एक्सचेंज पर 5 अगस्त 2024 की डिलीवरी वाला सोना 2 फीसदी से ज्यादा की गिरावट के साथ 71,341 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ है। वहीं 5 दिसंबर 2024 की डिलीवरी वाला सोना गिरावट के साथ 72,040 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ है। एमसीएक्स एक्सचेंज पर शुक्रवार को 5 जुलाई 2024 की डिलीवरी वाली चांदी 201 रुपए की गिरावट के साथ 88,888 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई है। वहीं 5 सितंबर 2024 को डिलीवरी वाली चांदी 91,050 रुपए के स्तर पर बंद हुई है। 5 दिसंबर 2024 को डिलीवरी वाली चांदी कल गिरावट के साथ 93,274 रुपए पर बंद हुई है।



## छत्तीसगढ़ के नव निर्वाचित लोक सभा सदस्यों के सम्मान में सीएम साय ने कराया रात्रि भोज

**रायपुर/नई दिल्ली।**

छत्तीसगढ़ के नव निर्वाचित लोक सभा सदस्यों के सम्मान में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ सदन में रात्रिभोज का आयोजन किया।

इस विशेष अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी नव निर्वाचित सांसदों का स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि सांसदों की भूमिका राज्य के विकास में अहम है और सभी को मिलकर छत्तीसगढ़ की प्रगति के लिए कार्य करना होगा।



## मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ निवास का लिया जायजा

**रायपुर।**

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रविवार को नई दिल्ली में बने छत्तीसगढ़ के नए अतिथि गृह छत्तीसगढ़ निवास का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के साथ स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास मंत्री रामविचार नेताम एवं लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज भी साथ रहे। देश की राजधानी दिल्ली के द्वारका में छत्तीसगढ़ के अतिथियों के ठहरने के लिए 60 करोड़ 42 लाख की लागत से छत्तीसगढ़ निवास का निर्माण किया गया है। मुख्यमंत्री अतिथि गृह पहुंचे और वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई, सुरक्षा और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और सुविधाओं का गहन निरीक्षण कर अधिकारियों से जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री साय ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि छत्तीसगढ़ निवास में ठहरने वाले अतिथियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हों और उनकी जरूरतों का ध्यान रखा जाए। बता दें द्वारका के सेक्टर 13 में छत्तीसगढ़ के अतिथियों के लिए नए अतिथि गृह छत्तीसगढ़ निवास का निर्माण किया गया है। छत्तीसगढ़ निवास में 10 स्यूट रूम, 67 कमरे, डाइनिंग हॉल एंड वेटिंग सहित मीटिंग हॉल और कर्मचारियों के लिए टावर का निर्माण किया गया है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ मीडिया सलाहकार पंकज झा, प्रेस अधिकारी आलोक सिंह, जनसंपर्क आयुक्त मयंक श्रीवास्तव, आवासीय आयुक्त श्रुति सिंह आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## सोनिया गांधी सर्वसम्मति से कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष चुनी गईं



**नई दिल्ली, एजेंसी।**

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को शनिवार को एक बार फिर से पार्टी संसदीय दल (सीपीपी) का प्रमुख चुना गया। इस मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर करारा प्रहार किया और कहा कि लोकसभा चुनाव में मोदी की ''राजनीतिक और नैतिक हार हुई है तथा उन्होंने नेतृत्व करने का अधिकार खो दिया है। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि संविधान सदन (पुराने संसद भवन) के केंद्रीय कक्ष में हुई कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोनिया गांधी को सीपीपी प्रमुख नियुक्त करने का प्रस्ताव पेश किया, जिसका पार्टी के तीन सांसदों गौरव गोगोई, तारिक अनवर और के. सुधाकरन ने अनुमोदन किया। फिर से सीपीपी प्रमुख चुने जाने पर सोनिया ने पार्टी नेताओं का आभार जताया और कहा कि कांग्रेस ने इस चुनाव में अपनी दृढ़ता का परिचय दिया है। इससे पहले पार्टी की कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर राहुल गांधी से लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी संभालने का आग्रह किया गया। हालिया लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने 99 सीट पर जीत दर्ज की है।

## दो विमान आपस में टकराने से बाल-बाल बचे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई एयरपोर्ट पर सैकड़ों यात्री बाल-बाल बच गए, जब इंडिगो का विमान उसी रनवे पर उतरा, जहां से एयर इंडिया का विमान उड़ान भर रहा था। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए नागरिक उड्डयन निदेशालय ने जांच शुरू की और ड्यूटी पर मौजूद एयर ट्रैफिक कंट्रोल अधिकारी को पद से हटा दिया।

## कोरबा लोस क्षेत्र में हैट्रिक बनाने के बाद नहरिया बाबा में की पूजा

**जांजगीर-चांपा ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा लोकसभा क्षेत्र से महंत परिवार द्वारा हैट्रिक विजयी सफलता के बाद छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत व कोरबा लोकसभा क्षेत्र से लगातार दो बार निर्वाचित होने वाली सांसद ज्योत्सना महंत अपने परिवार सहित नगर पहुंचने पर स्वर्गीय बिसाहूदास महंत बाल उद्यान में उनका कांग्रेसियों ने स्वागत किया।

उद्यान में वे अपने परिवार के साथ अपने पिताश्री छत्तीसगढ़ के जननायक स्व. बिसाहूदास महंत की प्रतिमा पर



दीप धूप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

तदुपरांत वे नगर के सिद्ध नहरिया बाबा सरकार मंदिर पहुंचकर संकट मोचन हनुमान जी से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए क्षेत्र और प्रदेश की जनता की खुशहाली की कामना की। इस दौरान प्रमुख रूप से जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता रघुराज प्रसाद पांडे, विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह, शेष राज हरबंस, ब्यास कश्यप, गुलजार सिंह, मदनलाल अग्रवाल सहित नगरपालिका अध्यक्ष भगवानदास गढ़वाल, दिनेश शर्मा, रमेश पैगवार, डॉ परस शर्मा, राधेलाल थवाईत,जिला पंचायत उपाध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, विवेक सिसोदिया, रामविलास राठौर, प्रिंस शर्मा, शिशिर द्विवेदी, संतोष शर्मा, अजीत सिंह राणा, संजय केदारनाथ अग्रवाल सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## वेस्टइंडीज की टी-20 वर्ल्डकप में सबसे बड़ी जीत

**युगांडा को 134 रन से हराया, अकील होसेन ने 5 विकेट झटके**

**गुयाना, एजेंसी।**

टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के 18वें मैच में वेस्टइंडीज ने युगांडा को 134 रन से हरा दिया। टी-20 वर्ल्डकप में वेस्टइंडीज की रन के लिहाज से यह सबसे बड़ी जीत है। वहीं टूर्नामेंट के इतिहास की यह दूसरी सबसे बड़ी जीत है। सबसे बड़ी जीत श्रीलंका के नाम दर्ज है। टीम ने 2007 टी-20 वर्ल्ड कप में केन्या को 172 रन से हराया था।

वेस्टइंडीज ने टॉस जीतने के बाद युगांडा को 174 रन का टारगेट दिया था। जवाब में युगांडा की टीम 12 ओवर में 39 रन पर ही ऑलआउट हो गई। युगांडा ने टी-20 के सबसे छोटे स्कोर की बराबरी की है। इससे पहले 2014 में नीदरलैंड भी श्रीलंका के खिलाफ 39 रन पर ऑलआउट हो गया था।

वेस्टइंडीज के लिए अकील होसेन ने सबसे ज्यादा 5 विकेट झटके। उन्होंने इस दौरान महज 11 रन दिए। टी-20 वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज के लिए यह बेस्ट बॉलिंग फिगर है। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।



वेस्टइंडीज इस वर्ल्ड कप में लगातार दूसरी जीत के साथ ग्रुप c में दूसरे नंबर पर है। इस ग्रुप में अफगानिस्तान टॉप पर है। दोनों टीमों ने लगातार दोनों मैच जीते हैं और दोनों के 4-4 पॉइंट्स हैं, लेकिन अफगान टीम बेहतर रन रेट के कारण टॉप पर है।

## व्हाइट हाउस के सामने 30 हजार फिलिस्तीन समर्थकों का प्रदर्शन




**बाइडेन का खून से सना मुखौटा लेकर बोले- गाजा में मरे बच्चों की चीख इन्हें डराएगी**

**वाशिंगटन एजेंसी।**

गाजा में इजराइल के हमलों के बीच अमेरिका में राष्ट्रपति के आधिकारिक निवास व्हाइट हाउस के बाहर 30 हजार फिलिस्तीन समर्थकों ने प्रदर्शन किया। लोग सिर पर हमास का पट्टा बांधकर फिलिस्तीन का झंडा लहराते नजर आए। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे एक शख्स के हाथ में राष्ट्रपति बाइडेन का मुखौटा भी था, जो खून से सना हुआ था। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने अमेरिका के झंडे में आग भी लगाई। लोगों के हाथ में कई बैनर और पोस्टर भी थे। इसमें बाइडेन पर इतिहास के गलत पक्ष में होने का आरोप लगाया गया।

## छत्तीसगढ़ में सड़क हादसे में 3 युवकों की मौत:तेज रफ्तार में बाइक सवार कर रहे थे बस को ओवरटेक, मोड़ पर हुई टक्कर

**रायगढ़, एजेंसी।** रायगढ़ जिले में ओवरटेक करने की वजह से बाइक सवार तीन युवक बस से टकरा गए। हादसे में 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं तीसरे को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने भी दम तोड़ दिया। घटना लैलूंगा थाना क्षेत्र के आंगेकेला मोड़ का है।मरने वाले तीनों युवक कोतबा थाना क्षेत्र के मधुबन के रहने वाले थे।



## लंदन से इंडिया लौटीं कैटरीना

लंदन से इंडिया लौटीं कैटरीना का एयरपोर्ट पर दिखा स्वैग, ऑल ब्लैक लुक में प्रेग्नेंसी की अफवाहों पर लगाई ब्रेक। इस दौरान वह ब्लैक नॉटेड टॉप के साथ मैचिंग ट्राउजर और इसके ऊपर से ब्लैक ओवर कोट में बेहद स्टाइलिश दिखीं। एजेंसी।

## जेईई:भाग्यांश बने छत्तीसगढ़ टॉपर

**रायपुर, एजेंसी।** जेईई एडवांस रिजल्ट 2024 में रायपुर के



भाग्यांश साहू ने देश में 86 वां रैंक हासिल किया है। इसके साथ ही वे छत्तीसगढ़ स्टेट टॉपर भी बन गए हैं। इससे पहले भाग्यांश साहू सेशन 2 एग्जाम 99.98 परसेंटाइल हासिल कर स्टेट टॉपर रहे। उनकी आल इंडिया रैंकिंग 321 थी। वहीं भाग्यांश का सेशन-1 में 99.95 परसेंटाइल आया था। भाग्यांश के पिता सेन्ट्रल जीएसटी में अधिकारी है। उनकी माता सरकारी स्कूल में टीचर हैं।


सफलता के 14 वर्ष पूर्ण 14th दिव्य आकाश

कोरबा का प्रथम बहुरंगीय अखबार (हि./ सा.)

दिव्य आकाश

के सफलतम् 14 वर्ष पूर्ण होने पर

हार्दिक बधाई...

श्रीमती बुद्धकुंवर
सरपंच

बदन सिंह कंवर
सचिव

उपसरपंच, समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी

ग्राम पंचायत धनगांव

जनपद पंचायत कोरबा, जिला कोरबा



कोरबा का प्रथम बहुरंगीय अखबार (हि./ सा.)

सफलता के 14 वर्ष पूर्ण 14th दिव्य आकाश

दिव्य आकाश

के सफलतम् 14 वर्ष पूर्ण होने पर

हार्दिक बधाई...

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी

जिला चिकित्सालय कोरबा, जिला-कोरबा

### सुविचार

**जिस व्यक्ति के पास संतुष्टि नहीं, उसे कितना भी मिल जाए वह असंतुष्ट ही रहेगा।**

### राजनीति

# तीसरी बार जनादेश मिलना बड़ी बात

किसी भी सरकार को तीसरी बार जनादेश मिलना बहुत बड़ी बात है। हालांकि इस बार किसी भी पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं मिल पाया। 400 पार का लक्ष्य एनडीए ने रखा था, इसमें अहम झलक रहा था। जहां सत्ता में अहम आया, उसका पतन निश्चित है। मोदी के भाषण में साफ दिखता था, कि मोदी ही देश के लिए एक मात्र विकल्प हैं और मोदी मायने गारंटी का नाम देकर लोगों से वोट मांगा गया। वक्त सबसे बड़ा बलवान होता है और सभी का समय बराबर नहीं चलता। मोदी का चमत्कार इस बार कम हो गया, लेकिन त्रिशंकु लोकसभा में जोड़तोड़ कर सरकार चलाना कठिन चुनौती है। भाजपा के पास पूर्ण बहुमत न होने के कारण इस बार सहयोगी दलों का पांच साल तक हाथ-पैर जोड़ते रहना पड़ेगा। अटल बिहारी बाजपेयी जैसे सिद्धांतवादी प्रधानमंत्री के समय स्पीकर का पद टीएमसी के पास था, तब टीएमसी ने अटल की सरकार गिरा दी थी। इस बार मोदी अटल जी जैसे सिद्धांतवादी नेता तो नहीं हैं, ये जोड़-तोड़ कर किसी तरह पांच साल सरकार चलाने में कामयाब दिख रहे हैं, क्योंकि उनके साथ गृहमंत्री रहे अमितशाह जैसे चाण्क्य भी साथ हैं, लेकिन कई मामलों में इस बार मोदी सरकार को समझौता भी करना पड़ सकता है। इस बार राम मंदिर को बड़ा मुद्दा बनाकर भाजपा ने लोकसभा चुनाव लड़ा, लेकिन अयोध्या तक में भी राम ने भाजपा का साथ नहीं दिया और अयोध्या से ही भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। इस बार जनता ने उम्मीदवार के व्यक्तित्व को भी देखा और एनडीए को किसी तरह सत्ता तक पहुंचा तो दिया, लेकिन पूर्ण बहुमत भाजपा के पास न होने के कारण सहयोगी दलों से मिलकर किसी तरह पांच साल खींचतान में चलाना पड़ेगा और पिछले 10 साल जैसे कड़े फैसले लेने में मोदी को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। पिछले एनडीए सरकार के समय टीएमसी की ब्लैकमेलिंग कार्यशैली और नितिश की ढुलमूल रवैय्या को देश की जनता ने देखा है और इस बार इन दोनों पार्टियों पर पूर्ण विश्वास पर आज भी लोग संदेह कर रहे हैं। टीएमसी ने तो अभी से स्पीकर सहित 6 मंत्री पद के लिए अपना प्रस्ताव दे दिया है, वहीं नितिश कुमार भी कम नहीं हैं और वे अपने हिसाब से मंत्री मंडल में जगह चाहेंगे। हालांकि प्रधानमंत्री मोदी का इसे चमत्कारिक व्यक्तित्व ही कहेंगे कि जनता ने तीसरी बार उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में जनादेश दिया है। आज के राजनेता ऐसे हैं कि वे पार्टी के नहीं हो सकते तो देश का कैसे हो सकते हैं। सत्ता की महत्वाकांक्षा से इनकी नियत बार-बार बदलती रहती है। कई चुनाव के साथ इस बार भी कई नेता अपनी मातृ संस्था को बदलकर सत्ता सुख पाने के लिए दल बदल करते रहे।

विपक्ष मोदी रथ को रोकने के लिए सारे दुश्मन एक मंच पर आ खड़े हुए और मोदी रथ को रोकने में सफल तो नहीं हो पाए,लेकिन उन्हें उम्मीद है कि तीसरी शपथ मोदी लेंगे और कुछ दिन बाद सरकार गिरने की भी संभावना जताते हुए इंडि गठबंधन की सरकार बनने का भी दावा कर रहे हैं। उधर टीएमसी प्रमुख ममता बैनर्जी

का दावा देखें, तो उनके अनुसार एनडीए की सरकार मेहमान के रूप में काम करेगी, क्योंकि उनके अनुसार कई भाजपा सांसद उनके संपर्क में हैं। कहने का मतलब साफ दिख रहा है कि मोदी की गठबंधन सरकार ज्यादा चलने वाली नहीं है, लेकिन यह तो तय है कि पर्दे में अमित शाह नहीं हैं, बल्कि वे फ्रंट में आकर अपनी चाण्क्य नीति से सभी विपक्ष की बोलती बंद कर देंगे और मोदी-03 को सक्सेसफूल बनाकर ही रहेंगे। जनता को भी उम्मीद है कि मोदी अपना तीसरा कार्यकाल भी पूर्ण करेंगे। इतना तो तय है कि मोदी के मंत्रीमंडल की तस्वीर में समझौता की झलक दिखाई देगी। मोदी की भी मजबूरी रहेगी कि वे घटक दलों के साथ मिलकर देश को चलायेंगे। इतना तो तय है कि जनता ने जो जनादेश दिया है, उसमें भाजपा भी खुश और कांग्रेस भी खुश नजर आ रही है। भाजपा को पांच साल सरकार चलाने की उम्मीद है तो विपक्ष को इसी पंचवर्षीय में सरकार बनाने की उम्मीद है। विपक्ष सपने का तानाबाना बुन रहा है और समय के साथ उनकी रणनीति सरकार बनाने की होगी। वक्त बतायेगा कि एनडीए के घटक दल विश्वास की नींव पर खरा उतरते हैं या नहीं। घटक दलों को देश के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का अधिकार तो नहीं हैं, लेकिन आज लोकतंत्र को मजबूत करने का दारोमदार ऐसे नेताओं पर भरोसा कितना कायम रहता है, वक्त ही बताएगा।

**संपादक**

# जनता के जनादेश से भाजपा - कांग्रेस सहित सभी दल खुश!





## मोदी के चेहरे पर शिकन!

**मोदी-3 मंत्री मंडल की तस्वीर में समझौता दिखेगा।**
**कई महत्वपूर्ण पद घटक दलों के पास जा सकता है।**
**कई कड़े फैसलों को बंद पेटी में डालना पड़ सकता है।**
**मजबूत विपक्ष को इस बार प्रताड़ना झेलना नहीं पड़ेगा।**

18 वीं लोकसभा की तस्वीर साफ हो चुकी है और जनता ने एनडीए को बहुमत के करीब सीट तो दे दी लेकिन भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिल पाने के कारण मोदी के चेहरे पर कुछ शिकन तो आयी है। कितनो भी देश में और विश्व में नेतृत्व का डंका बजाने वाले मोदी अब अपनों की ही खींचतान के शिकार हो सकते हैं। आज पूरे विश्व को उम्मीद थी कि तीसरी बार भारत का नेतृत्व मोदी ही करेंगे, लेकिन जनता ने जो जनादेश दिया है, उससे मोदी को चिंतन करने पर मजबूर कर दिया है। आज सबसे बड़ा मुद्दा देश को आगे बढ़ाने का है, तो दूसरी ओर भाजपा को पूर्ण बहुमत न मिलने के कारण घटक दलों के साथ समन्वय बनाकर मंत्री मंडल की रूपरेखा खींचनी है। अब घटक दलों की उम्मीद बढ़ गई है कि उन्हें मन मुताबिक मंत्री पद मिले। हो सकता है कि बिना लायक को भी बेहतर पद मिल जाए और भाजपा के देश भक्त राजनेताओं को समझौता करना पड़ सके। आज नितीन गडकरी का विभाग भी घटक दल को जा सकता है। बीते पंचवर्षीय में मोदी-2 सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री रहे नितीन गडकरी ने अपनी काबिलियत का परिचय दिया और सर्वश्रेष्ठ करने की कोशिश की और देश के सामने तस्वीर भी पेश की। आज देश की तस्वीर बदल चुकी है और नितीन गडकरी का व्यक्तित्व जनता के सामने दमका है। नितीन गडकरी जैसे मंत्री मोदी-3 में भी चाहिए, लेकिन ऐसा होता दिखाई नहीं देता। घटक दलों को मलाई वाला विभाग चाहिए और मोदी कह चुके हैं कि मैं न खाऊंगा और ना ही खाने दूंगा लेकिन परिस्थिति बदल चुकी है, बहुमत के अभाव में मोदी और शाह को समझौता करना ही पड़ेगा। अटल जैसे सिद्धांत अबकी परिस्थिति में संभव नहीं दिख रहा है और कड़े फैसले इस बार चुपके से बंद पेटी में डालना ही पड़ेगा। टीएमसी स्पीकर पद भी चाहती है, लेकिन भाजपा को किसी तरह स्पीकर पद स्वयं के पास रखना ही होगा, क्योंकि देश की जनता ने देखा है कि स्पीकर पद पाते ही अटल सरकार के समय टीएमसी ने किस तरह पाला बदल दिया और सिद्धांतवादी अटल जी एक मत के लिए कुर्सी छोड़ दी थी, लेकिन सिद्धांत से कभी समझौता नहीं किया। बेबाक अटल जी ने कहा कि हम सिद्धांत से कभी समझौता नहीं करेंगे और फिर से जनता के पास जाएंगे। आज मोदी फिर से देश को खर्च में नहीं डालेंगे और पांच साल समन्वय के साथ देश को आगे बढ़ायेंगे। उनका सपना है कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाएंगे और इसके लिए अंदरूनी समझौता कर राष्ट्र को इस कार्यकाल में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रयास करेंगे।

आज राष्ट्र को उम्मीद है कि भारत आगे बढ़ेगा और इन पांच सालों में तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। हम आगे विपक्ष की ओर चलते हैं कि विपक्ष भी इस जनादेश से खुश नजर आ रहा है। अभी फिलहाल सरकार एनडीए की ही बन रही है, लेकिन विपक्ष को उम्मीद है कि मोदी के तीसरे शपथ ग्रहण के बाद इंडि गठबंधन का शपथ समारोह भी होगा। टीएमसी और नितीश के रूख को भांपकर इंडि अपनी रणनीति आगे बढ़ायेगी और उम्मीद है कि मोदी ज्यादा दिन के प्रधानमंत्री नहीं रह पायेंगे और इंडि की सरकार बनेगी। 04 जून को मतगणना के बाद बहुत दिन बाद ऐसा समय आया, जिसमें जनादेश से भाजपा सहित एनडीए भी खुश नजर आया और विपक्ष ने भी जश्न मनाया। दोनों की मुराद जनता ने पूरी कर दी। इस जनादेश से यह तो तय है कि मोदी की तानाशाही कम होगी और विपक्ष को राहत मिलेगी। शायद देश को महंगाई से भी कुछ हद तक राहत मिलेगी, क्योंकि इस बार विपक्ष भी मजबूत होकर सरकार के खिलाफ देश भर में आवाज उठाने और दबाव बनाने में कामयाब होगा।



**डॉ गजेन्द्र तिवारी**
शिक्षाविद
पाली जिला कोरबा
मो.: 94241-50282

### वक्त ने दिखा दिया

# राम सभी के हैं, सिर्फ भाजपा के नहीं

**संदर्भ: भाजपा अयोध्या से भी हारी**

18 वीं लोकसभा के लिए भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिल पाया। मोदी के कई मंत्री हार गए। गांधी परिवार की एक बहू मेनकागांधी भाजपा में है और वे भी हार गई। स्मृति ईरानी को भी हार का सामना करना पड़ा। कई दिग्गज हार गए। इस बार भी देश में अयोध्या में राम मंदिर मुद्दा के कारण भाजपा की वापसी की उम्मीद थी और भाजपा को लगा कि इस बार रामलला उन्हें सत्ता दिलायेंगे, लेकिन जनता और वक्त कब किसको उठा दे, कब किसको जमीन पर पटक दे। अयोध्या नगरी फैजाबाद लोकसभा सीट में आती है। फैजाबाद सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र समाहित है, जिसमें विधानसभा क्षेत्र अयोध्या भी समाहित है। इसके अलावा दरियाबाद, रूदौली, मिलकीपुर, बीकापुर विधानसभा सीट शामिल हैं। दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र बाराबंकी जिले में आता है। दो बार से लगातार यहां से ऐतिहासिक लीड के साथ जीतने वाले सांसद लल्लू सिंह हैट्रिक नहीं कर पाये और समाजवादी पार्टी के अवधेश प्रसाद से 56 हजार से अधिक वोटों से हार गए। राम मंदिर की भव्यता पूरे देश में ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में दिखी और भाजपा को उम्मीद थी कि लल्लू सिंह मोदी को इस बार ऐतिहासिक गिफ्ट देंगे, लेकिन जनता ने समाजवादी पार्टी को चुना। विपक्ष एक जुट होकर यहां से लड़ा और इंडि गठबंधन में समाजवादी पार्टी के अवधेश प्रसाद को यहां से उतारा। आज देश में चर्चा हो रही है कि राम सिर्फ भाजपा के ही नहीं बल्कि मां भारती के हर आदमी के हैं। मतगणना के बाद जो तस्वीर सामने आयी उसमें साफ हो गया कि इस बार रामजी ने भाजपा का साथ नहीं दिया और समाजवाद की पार्टी के अवधेश प्रसाद को आशीर्वाद दे दिया।

उत्तर प्रदेश में बुलडोजर योजना से इस बार भाजपा को ज्यादा फायदा नहीं मिला और उत्तर प्रदेश की आधे से अधिक सीट को इंडि गठबंधन ले गया। उत्तर प्रदेश की जनता ने भाजपा से बहुमत छीन लिया और इंडि गठबंधन को ज्यादा आशीर्वाद दिया। 2019 में पांच सीटें हासिल करने वाली सपा को इस बार ऐतिहासिक 37 सीटें मिली हैं। सबसे ज्यादा चर्चा अयोध्या सीट की रही। अयोध्या सीट हारने के बाद भाजपा क्यों हारी का मंथन के बाद जो फैक्ट सामने आया है, उसके मुताबिक राम मंदिर बनने के बाद अयोध्या के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां के लोगों को रामलला का दर्शन करना भी दुर्लभ है, क्योंकि व्हीआईपी के सामने सुरक्षा में तैनात गार्डों द्वारा इन्हें रोक दिया जाता है। अपने घर जाने के लिए इन्हें रोजाना जाम का सामना करना पड़ता है और यहां मौजूदा सांसद रहे लल्लू सिंह ने इस दिशा में कोई कार्य नहीं किया और उनके द्वारा जनता की उपेक्षा हार का मुख्यकारण माना जा रहा है।

हालांकि अयोध्या की चार विधानसभा सीट से भाजपा केंडिडेट लल्लू सिंह जीत गए और यहां से भाजपा को 01 लाख 04 हजार 671 वोट मिले, जबकि सपा केंडिडेट अवधेश प्रसाद को 01 लाख 04 वोट मिले। इसके बाद रूदौली विधानसभा सीट पर भाजपा पिछड़ गई और इंडि गठबंधन को बढ़ने का मौका मिला। मिलकीपुर में भी भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। सबसे बड़ा झटका भाजपा को बीकापुर में लगा और यहां से करीब 10 हजार वोटों से पिछड़ गई। सबसे ज्यादा वोट इंडि को दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र से मिला और इस तरह सपा केंडिडेट को विजय मिली।

हालांकि अयोध्या से भाजपा उम्मीदवार की जीत हुई है, लेकिन लीड कम रही। पिछले विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव के आंकड़ों पर नजर डालें तो भाजपा उम्मीदवारों को यहां से ऐतिहासिक लीड मिलती रही और भाजपा उम्मीदवार यहां से ऐतिहासिक मतों से जीतते आ रहे थे। इस बार अयोध्या में भाजपा उम्मीदवार को सिर्फ कुछ हजार की ही लीड मिली और बाकी विधानसभा क्षेत्रों से भाजपा प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा और औसत मतगणना में भाजपा को अंततः 56 हजार से अधिक मतों से हार का सामना करना पड़ा। आगे सरकार को ध्यान देना होगा कि रामलला के कारण आवागमन में हो रही स्थानीय लोगों की समस्याओं को दूर करें और यहां के लोगों के जीवन के लिए उपाए खोजें।

# लाखों श्रद्धालु पहुंचे चारधाम की यात्रा पर, भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही

चारधाम की यात्रा चल रही है, भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने ऑफलाइन पंजीकरण पर भी रोक लगाई थी। वहीं, 1 जून से फिर से आफलाइन पंजीकरण खोल दिए गए।

चारधाम यात्रा को शुरु हुए 24 दिन हो गए हैं। हालांकि, धामों में दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ कम नहीं हो रही है। रिपोर्ट के अनुसार अब तक चारधामों और हेमकुंड साहिब के 15.67 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। गौरतलब है कि यात्रा की शुरुआती 10 दिन में जहां दर्शन करने वालों की संख्या 5.69 लाख से अधिक थी।

वहीं 14 दिन में 9.97 लाख से ज्यादा ने दर्शन किए हैं। बता दें, 10 मई और हेमकुंड साहिबा की यात्रा 25 मई से शुरु हुई। मगर, चारधाम यात्रा के शुरुआती 10 दिन में केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री धाम में 5.9 लाख अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

**घंटों तक जाम लग रहा है**

धामों में दर्शन के लिए भीड़ बढ़ने और यात्रा मार्गों पर घंटों जाम लगने से सरकार व प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी। भीड़ नियंत्रित करने के लिए सरकार ने ऑफलाइन पंजीकरण पर भी रोक लगाई थी। वहीं, 1 जून से फिर से आफलाइन पंजीकरण खोल दिए गए। यात्रा मार्गों में अब जाम की पहली जैसी स्थिति नहीं है।



# पुष्पा-2 तय समय से आगे खिसकी फिल्म 'पुष्पा-2' की शूटिंग, निर्देशक सुकुमार के सामने अब ये बड़ी चुनौती



मुंबई ( एजेंसी )।

हैदराबाद का मौसम इन दिनों ठीक नहीं है। फिल्म 'पुष्पा 2' की शहर में चल रही शूटिंग के सेट पर रोज बादल गरज रहे हैं। फिल्म के हीरो अल्लू अर्जुन और विलेन फहद फासिल के दृश्यों की शूटिंग अब जाकर शुरू हो सकी है और फिल्म के दूसरे अहम किरदारों की तारीखों का जंजाल भी पूरी तरह समेट में नहीं आ रहा है। मुंबई तक पहुंच रही खबरें ये भी इशारा कर रही हैं कि अगर फिल्म की शूटिंग का हाल ऐसा ही रहा तो हो सकता है कि फिल्म अपनी तय तारीख 15 अगस्त को रिलीज ही न हो सके।

इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार निर्देशक सुकुमार की अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहद फासिल अभिनीत फिल्म 'पुष्पा 2' के जो भी ताजा अपडेट हैदराबाद से आ रहे हैं, उससे हिंदी सिनेमा के उन फिल्म निर्माताओं में बेचैनी बढ़ रही है जिन्होंने इस फिल्म के चक्कर में अपनी फिल्मों की रिलीज आगे पीछे कर रखी है। तेलुगु मीडिया में रोज इस फिल्म को लेकर नई खबरें आ रही हैं और इन पर नजर रखने वाले बता रहे हैं कि फिल्म का शूटिंग शेड्यूल काफी ऊपर नीचे हो रहा है।

फिल्म 'पुष्पा 2' की रिलीज में अब सिर्फ ढाई महीने का वक्त बचा है और फिल्म की अब तक शूटिंग ही पूरी नहीं हो सकी है। फिल्म में मुख्य विलेन बने मलयालम सिनेमा के अभिनेता फहद फासिल इन दिनों कई फिल्में एक साथ कर रहे हैं और फिल्म 'पुष्पा 2' के लिए मिली उनकी तारीखों का उपयोग किया भी जा रहा है। इन दिनों फहद और अल्लू के बीच फिल्म के कुछ महत्वपूर्ण दृश्य फिल्माए जा रहे हैं। लेकिन, असल दिक्कत आ रही है इन अभिनेताओं के फिल्म के दूसरे कलाकारों सुनील, राव रमेश और अनसूया के साथ फिल्माए जाने वाले दृश्यों को लेकर।



जानकारी के मुताबिक साउथ सिनेमा के चर्चित कलाकारों सुनील, राव रमेश और अनसूया की तारीखें फिल्म 'पुष्पा 2' की टीम ने थोक के भाव में रोक रखी हैं। इनकी शूटिंग तय शेड्यूल के हिसाब से जल्द से जल्द पूरी करने का फिल्म के निर्देशक सुकुमार ने अल्टीमेट भी जारी कर दिया है। फिल्म की शूटिंग पूरी करने के लिए इसकी टीम को अब दिन रात काम में जुटना होगा और तभी जाकर ये फिल्म अपनी रिलीज डेट 15 अगस्त तक सिनेमाघरों में आ पाएगी।

दिक्कत इस बात को लेकर भी आ रही है कि फिल्म के कुछ दृश्यों की शूटिंग फिर से हो रही है। पहले से शूट हो चुके कुछ दृश्यों में कमियां सामने आने पर उनका पैच वर्क भी साथ साथ ही चल रहा है। इस सबके बावजूद फहद फासिल के किरदार का बड़ा हिस्सा अब भी शूट होना बाकी है।

## बॉलीवुड में डेब्यू करने को तैयार साउथ अभिनेत्री श्रीलीला, छोटे नवाब के साथ पर्दे पर फरमाएंगी इश्क!



मुंबई ( एजेंसी )।

साउथ अभिनेत्री श्रीलीला ने महेश बाबू, पवन कल्याण और बालकृष्ण जैसे कई बड़े सितारों के साथ फिल्मों में काम किया है। अब वे बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली हैं।

श्रीलीला साउथ की उभरती हुई अभिनेत्री हैं। अब वे मुख्य नायिका के तौर पर भी अभिनय का जादू चला रही हैं। श्रीलीला ने लगातार कई प्रोजेक्ट्स के साथ टॉलीवुड में अपना दबदबा बना लिया। कई फिल्मों में वे मुख्य भूमिका निभाते हुए साउथ के कई सुपरस्टार्स के साथ काम करने के लिए तैयार हैं। वहीं, इस बीच अब उनकी सफलता के आसमान पर एक और सितारा चमकने वाला है। साउथ सिनेमा के अलावा श्रीलीला अब जल्द ही हिंदी सिनेमा में भी अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरने वाली हैं।

**इब्राहिम के साथ रोमांस करेंगी श्रीलीला**

रिपोर्ट्स के अनुसार, श्रीलीला जल्द ही हिंदी सिनेमा में डेब्यू करेंगी। खबर है कि श्रीलीला सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान के साथ फिल्म दिलेर में नजर आएंगी, जिसका निर्देशन कुणाल देशमुख करेंगे। कहा जा रहा है कि दिलेर के निर्माता तेलुगु सनसनी के साथ बातचीत कर रहे हैं। हालांकि, उनकी इस परियोजना पर आधिकारिक बयान का अभी भी इंतजार है, लेकिन इंडस्ट्री पहले से ही यह अनुमान लगा रही है कि यह डेब्यू बॉलीवुड में अगले बड़े स्टार की लॉन्चिंग हो सकती है।

**अगस्त में होगी फिल्म की शूटिंग शुरू**

यदि यह अफवाह सच साबित हुई तो यह श्रीलीला की बॉलीवुड में पहली फिल्म होगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्होंने इब्राहिम के साथ अभिनय करने के लिए सहमति दे दी है। खबर है कि यह फिल्म एक रोमांटिक-ड्रामा फिल्म होगी, जिसकी शूटिंग शूटिंग अगस्त 2024 में शुरू होने वाली है। हालांकि, फिल्म की आधिकारिक घोषणा जल्द ही होने की उम्मीद है।

**सरजमीन से डेब्यू करेंगे इब्राहिम**



दिलेर को मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित किया जा रहा है। दिलेर पहले से ही निर्माण में है और यह सरजमीन के बाद यह इब्राहिम अली खान की दूसरी परियोजना होगी। इब्राहिम अली सरजमीन से अपना बॉलीवुड डब्यू करेंगे। इस फिल्म में काजोल और पृथ्वीराज सुकुमारन जैसे दिग्गज कलाकार शामिल हैं। यह फिल्म धर्मा प्रोडक्शंस के प्रतिष्ठित बैनर तले बन रही है। वहीं श्रीलीला ने महेश बाबू, पवन कल्याण और बालकृष्ण जैसे कई बड़े सितारों के साथ फिल्मों में काम किया है।

## जल्द ही डर और हंसी का तड़का लगाएगा स्त्री 2 का टीजर सेंसर बोर्ड से यू/ए सर्टिफिकेट के साथ हुआ पास

मुंबई ( एजेंसी )।

श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की हॉरर-कॉमेडी फिल्म स्त्री ने लोगों का भरपूर मनोरंजन किया था। इस फिल्म का दूसरा भाग जल्द ही देखने को मिलेगा। दर्शकों को स्त्री 2 का बेसब्री से इंतजार है। अमर कौशिक के निर्देशन में बनी इस फिल्म को लेकर दर्शकों का उत्साह बढ़ रहा है। ये फिल्म इसी साल 30 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। हंसी और डर दोनों का वादा करने वाली स्त्री 2 के टीजर से जुड़ी खबर सामने आ रही है। मेकर्स फिल्म का टीजर रिलीज करने के लिए पूरे तरह तैयार हैं।




स्त्री 2 के टीजर ने अपनी सेंसरशिप से जुड़ी औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं। फिल्म का टीजर अब रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार है। एक मिनट और 23 सेकंड के रनटाइम के साथ केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड द्वारा यू/ए प्रमाणपत्र दिया गया है। हालांकि टीजर की रिलीज डेट को लेकर फिलहाल कोई जानकारी सामने नहीं आई है। दर्शक फिल्म की एक झलक देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

ऐसे में मेकर्स जल्द ही टीजर रिलीज की तारीख की घोषणा कर सकते हैं। फिल्म का सीक्वल अपने पूराने कलाकारों के साथ वापसी के लिए तैयार है। स्त्री 2 में राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर के साथ-साथ पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना और अभिषेक बनर्जी अहम भूमिका निभाते नजर आएंगे।

स्त्री को हॉरर और कॉमेडी के जबर्दस्त तड़के के साथ पेश किया गया था, जिस कारण दर्शकों ने फिल्म को खूब पसंद किया और इसने अच्छी कमाई भी की थी।। उसी रचनात्मक टीम और कलाकारों की वापसी के साथ अब स्त्री 2 से दर्शकों को एक और रोमांचक और मनोरंजक अनुभव देने की उम्मीद है।

फिल्म स्त्री 2 का निर्देशन अमर कौशिक ने किया है। इसके निर्माता जियो स्टूडियोज और दिनेश विजान हैं। ये फिल्म 30 अगस्त को रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म का पहला भाग साल 2018 में रिलीज हुआ था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कारोबार किया था। यह फिल्म हिट हुई थी।

## इंडियन 2 के बाद मिस यू से धूम मचाएंगे सिद्धार्थ, निर्माताओं ने जारी किया फिल्म का पहला पोस्टर




मुंबई ( एजेंसी )।

साउथ अभिनेता सिद्धार्थ इन दिनों इंडियन 2 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। वहीं अब उनकी अगली फिल्म पर बड़ी जानकारी सामने आई है। अभिनेता की अगली फिल्म का नाम मिस यू है। सिद्धार्थ अपनी अगली रोमांटिक फिल्म मिस यू में काम करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। फिल्म का पहला पोस्टर भी गुरुवार, 6 जून को अभिनेता आर माधवन, निर्देशक लोकेश कनगराज और शिवकार्तिकेयन द्वारा जारी किया गया है।

**आर माधवन ने जारी किया पोस्टर**-अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्टर शेयर करते हुए माधवन ने लिखा, कई अवॉर्ड जीतने वाली चिट्ठा के बाद मेरे प्यारे भाई सिड ने कई सालों के बाद एक प्रेम कहानी शुरू की है। रोजेज आर रेड, वायलेट आर ब्लू। सिड की अगली रोमांस फिल्म मिस यू है। हम जानते हैं कि आप सभी ने भी उन्हें मिस किया होगा।

**फिल्म के कलाकार**-इसके साथ ही शिवकार्तिकेयन ने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, मेरे प्यारे भाई सिद्धार्थ की मिस यू का पहला लुक जारी करते हुए खुशी हो रही है।

# पंचायत का तीसरा सीजन भी कमाल! सोशल मीडिया पर जमकर हो रही है तारीफ

फिल्म समीक्षा

मुंबई ( एजेंसी )।

पंचायत सीज़न 3 मंगलवार, 28 मई को रिलीज़ हुआ। अमेज़ॅन प्राइम वीडियो सीरीज़ ओजी सितारों - जीतेंद्र कुमार, नीना गुप्ता, रघुबीर यादव, सांविका और चंदन रॉय को एक और मज़ेदार सीज़न के लिए वापस लाती है। पंचायत 3 सार्वजनिक समीक्षाएँ- नेटिज़ेंस ने अमेज़ॅन प्राइम वीडियो वेब श्रृंखला की सराहना की।

**पंचायत का तीसरा सीज़न रिलीज**

लोकप्रिय हिट वेब-सीरीज़ पंचायत का तीसरा सीज़न आज यानी 28 मई को अमेज़ॅन प्राइम पर रिलीज़ हुआ। चंदन कुमार द्वारा लिखित और दीपक कुमार मिश्रा द्वारा निर्देशित, पंचायत दिल्ली के एक युवक के जीवन का पता लगाती है जो एक सचिव के रूप में शामिल होता है। उत्तर प्रदेश के एक सुदूर गाँव में एक पंचायत कार्यालय। सीरीज में नीना गुप्ता, जितेंद्र कुमार, रघुबीर यादव, बिस्वपति सरकार, चंदन रॉय और फैसल मलिक हैं। प्रशंसक इसकी प्रामाणिक कहानी और वास्तविक सामग्री के लिए पंचायत की सराहना करते हैं।



**यहां कुछ सार्वजनिक समीक्षाएं दी गई हैं**

एक यूजर ने कहा कि पंचायत ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि यह भारतीय वेब सीरीज कहानी कहने के बेहतरीन उदाहरणों में से एक क्यों है। उन्होंने लिखा हर एक दृश्य अपनी हार्दिक कथा और सम्मोहक पात्रों के साथ ग्रामीण भारत के सार को दर्शाता है। हमेशा की तरह, दीपक कुमार मिश्रा कुछ नया और ताज़ा लेकर आये हैं। पहले दो सीज़न की तरह इस बार भी आपको हर किरदार याद रहेगा। मुख्य आकर्षण फैसल मलिक हैं,उनके संवाद कम हैं लेकिन सशक्त हैं और जब भी वह स्क्रीन पर होते हैं तो दृश्य तीव्र हो जाता है। एक बार फिर, टीवीएफ की लेखनी ने दिल जीत लिया।

एक अन्य यूजर ने कहा कि टीवीएफ ने वास्तविक सामग्री बनाने के खेल में महारत हासिल कर ली है। यूजर ने लिखा कि एक्टिंग, कास्ट, वाइब, गांव की राजनीति, लोकेशंस, कॉस्ट्यूम, इमोशन्स से लेकर फिल्म सभी मानकों पर खरी उतरी। एक अन्य यूजर ने कहा, पंचायत 2 के 6 ईपीएस पूरे किए। बीच-बीच में भावनात्मक दृश्यों के साथ यह मनोरंजक और हल्की-फुल्की है। अगर आप इसे अपने परिवार के साथ देखना चाहते हैं तो यह सबसे अच्छी श्रृंखला में से एक है और यह सबसे अच्छी बात है।

एक अन्य ने कहा, जब प्रह्लाद ने कहा, आज खाना हमारे घर पर रहेगा, घर में थोड़ी रौनक हो जाएगी इस संवाद में सरलता और गहराई है यार। पंचायत 3 सुपर है सीज़न 03 बहुत अच्छा है। क्या कमाल की एक्टिंग की है दादी ने, वो भी इस उम्र में. वाह अरुणाभ कुमार भाई, आप लोगों ने क्या कास्टिंग की है।

एक अन्य यूजर ने यह भी कहा कि, पंचायत के अंतिम एपिसोड का 15 मिनट का दृश्य सबसे मजेदार फाइट सीक्वेंस में से एक है। बागपत की लड़ाई और फुलेरा की लड़ाई। जब ये सीन आया तो मुझे बागपत वाले अंकल याद आ गए. पंचायत सीरीज़ के तीनों सीज़न में से यह सबसे अच्छा और बहुत मनोरंजक है। हर किसी को इसे देखना चाहिए, किसी अन्य उपयोगकर्ता ने टिप्पणी की।




# छत्तीसगढ़ की अदिति का बॉलीवुड डेब्यू

**फिल्म हमारे बारह में लीड रोल में दिखेंगी, कहा- विवाद की वजह से मिली धमकियां**

**भिलाई ( एजेंसी )।**

इन दिनों बॉलीवुड मूवी हमारे बारह काफी चर्चा में बनी हुई है। काफी विवादों में रहने के बाद भी हाईकोर्ट ने इस मूवी को रिलीज करने की अनुमति दे दी है। सबसे बड़ी बात इस मूवी के लीड रोल में छत्तीसगढ़ की बेटी अदिति भटपहरी दिखेंगी। यह फिल्म अदिति के करियर की पहली मूवी है। उन्होंने कहा कि फिल्म की वजह से उन्हें धमकियां भी मिलीं।

अदिति ने अपने बॉलीवुड करियर को लेकर भास्कर से खास बातचीत की। अदिति छत्तीसगढ़ के रायपुर की रहने वाली हैं। उनके पापा विजय कुमार भटपहरी इंजीनियर हैं और मां उमा भटपहरी हाउस वाइफ हैं।

अदिति बताती हैं कि वो बचपन से ही एक बड़ी एक्टर बनना चाहती थी, लेकिन एक मध्यम वर्गीय परिवार से होने के चलते उन्हें वो माहौल नहीं मिला। पापा इंजीनियर हैं, तो अदिति ने भी इंजीनियर बनने के लिए एनआईटी रायपुर से इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में बीटेक कर लिया।

**लॉकडाउन से बदल गई अदिति की जिंदगी**

बीटेक करने के बाद बेटी ने यूपीएससी की तैयारी शुरू की। पिता का सपोर्ट मिला तो वो तैयारी के लिए 2020 में दिल्ली चली गईं। वहां दो साल कोरोना की वजह से लॉकडाउन लगा और उसने अदिति की पूरी जिंदगी ही बदल दी। अदिति ने अपने सपने के बारे में छोटे भाई आदित्य और अभिनव को बताया।

उन्होंने अपनी बड़ी बहन को पूरा सपोर्ट किया। दोनों भाइयों ने माता पिता को मनाया। इसके बाद अदिति माया नगरी मुंबई पहुंची और लगभग 1 साल के स्ट्रगल के बाद उन्हें हमारे बारह मूवी में अन्नू कपूर जैसे बड़े एक्टर के साथ काम करने का मौका मिला।

**सामाजिक कुरीति पर बनी है फिल्म हमारे बारह**

अदिति ने बताया यह फिल्म छोटे परिवार के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए बनी है। फिल्म एक मुस्लिम फैमिली को लेकर बनाई गई है, जो फैमिली प्लानिंग जैसी चीजों से दूर है। उनके पिता के 11 बच्चे हैं। इसके बाद भी वो 12 बच्चा लेने की चाहत रखते हैं। फिल्म में अदिति ने घर की बड़ी बेटी अल्फिया का रोल अदा किया है। अन्नू कपूर ने उनके अब्बा का रोल अदा किया है।

12वां बच्चा लेने को लेकर बेटी और पिता के बीच काफी विवाद होता है। बेटी और बच्चा लेने के खिलाफ रहती है। वो इस हद तक विरोध में आ जाती है कि वो अपने पिता को अदालत के कटघरे तक ले जाती है। इस फिल्म में अन्नू कपूर और अदिति के साथ साथ मनोज जोशी, परितोष त्रिपाठी, राहुल बग्गा और अंकिता द्विवेदी जैसे कलाकारों ने भी अभिनय किया है।

**छोटे भाई ने मुंबई में खोजा घर, बड़े ने किया फाइनेंशियली सपोर्ट**

अदिति बताती हैं कि बॉलीवुड स्टार बनने में उनके दोनों छोटे भाइयों का अहम योगदान रहा। सबसे छोटा भाई अभिनव 12वीं पास करने के बाद बहन को लेकर मुंबई गया। वहां दोनों ने मिलकर एक घर खोजा। इसके बाद वो कुछ दिन तक अदिति के साथ रहा और फिर वापस आ गया।

इस दौरान अदिति के मंझले भाई आदित्य जो कि बिजनेसमैन है, उसने फाइनेंशियली सपोर्ट किया। उनके इस सपोर्ट की बदौलत अदिति ने कम समय में अपना लक्ष्य पा लिया।

**अदिति को लेकर माता पिता थे चिंतित**

अदिति ने बताया जब उसने अपने माता पिता को बताया कि वो मुंबई जा रही है फिल्मी दुनिया में करियर बनाने तो वो लोग काफी चिंतित हो गए। पिता ने कहा कि मुंबई में उनका कोई नाते रिश्तेदार या पहचान वाला नहीं है। ऐसे में जवान बेटी कैसे रह पाएगी, लेकिन बेटी ने पापा और मम्मी को समझाया कि वो कभी उनका सम्मान कम नहीं होने देगी।

पल पल का हाल उन्हें बताएगी। अदिति ने जब अपने पिता विजय भटपहरी को हमारे बारह मूवी साइन करने के बारे में बताया तो काफी खुश हुए। पिता कहना है उनके लिए ये गर्व की बात होगी कि उनकी बेटी विजय भटपहरी के नाम से नहीं बल्कि विजय भटपहरी अदिति भटपहरी के नाम से पहचाने जाएंगे।

**अन्नू कपूर के साथ काम करके काफी कुछ सीखा**

अदिति ने बताया अन्नू कपूर जैसे बड़े एक्टर के साथ काम करके काफी कुछ सीखने को मिला। उनका पहला अनुभव काफी अच्छा रहा। कुछ सीन में उनके खुद के डायलॉग नहीं थे, लेकिन उन सीन में भी उनके डायलॉग डलवाए गए।

**फिल्म को लेकर मिली कई सारी धमकियां**

अदिति ने बताया कि फिल्म की थीम की वजह से कुछ लोग उसे विवाद में लाने की कोशिश कर रहे हैं। इसको लेकर उन्हें काफी धमकियां भी मिलीं। इसकी वजह से उन्हें मुंबई पुलिस से प्रोटेक्शन भी लेना पड़ा। सही मायने में हमारे बारह मूवी में ऐसा कुछ भी नहीं है, जिसकी वजह से कुछ लोग उसका बखेड़ा खड़ा कर रहे हैं। फिल्म रिलीज होने से पहले ही लोगों को किसी नतीजे पर नहीं पहुंचना चाहिए। मामला हाईकोर्ट में गया था। वहां से भी फिल्म को रिलीज करने की अनुमति मिल गई है। जल्द ही रिलीज डेट भी जारी कर दी जाएगी।

# एसईसीएल की सुश्रुत योजना के अभ्यर्थियों को नीट 2024 में बड़ी सफलता

**योजना में पंजीकृत 40 में 39 बच्चे हुए पास, 31 बच्चे एमबीबीएस/बीडीएस/बीएएमएस के लिए पात्र**

**कोरबा/ बिलासपुर ( दिव्य आकाश )।**

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के नीट कोचिंग सहायता सीएसआर कार्यक्रम एसईसीएल के सुश्रुत के अभ्यर्थियों ने नीट 2024 में बड़ी सफलता हासिल की है। हाल ही में घोषित नीट 2024 के परिणामों में, कार्यक्रम में पंजीकृत 40 में से 39 बच्चों ने कट-ऑफ को पार कर लिया है और परीक्षा उत्तीर्ण की है।

**परिणामों की मुख्य विशेषताएँ-**

* योग्य छात्र- 40 में से 39

* पात्रता-प्राप्त रैंकिंग के आधार पर, 13 छात्र एमबीबीएस पाठ्यक्रमों के लिए पात्र हैं, 18 छात्र बीडीएस/ बीएएमएस पाठ्यक्रमों के लिए पात्र हैं।

**एसईसीएल की पहल से कोयलांचल के बच्चों का डॉक्टर बनने का सपना होगा साकार**

एसईसीएल द्वारा एसईसीएल के सुश्रुत योजना को आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि से आने वाले कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को मुफ्त आवासीय नीट कोचिंग प्रदान करने के लिए 2023 में शुरू किया गया था। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के कोयला बेल्ट क्षेत्रों में आदिवासी बाहुल्य ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले इन बच्चों के लिए यह योजना वरदान साबित हुई है जिनके लिए प्राइवेट कोचिंग लेना संभव नहीं था। लेकिन एसईसीएल से मिली मदद से अब कोयलांचल के बच्चे भी डॉक्टर बनने के सपने को हकीकत में बदल पाएंगे।



**सीएमडी डॉ. प्रेम सागर मिश्रा ने अभ्यर्थियों को दी बधाई**



इस अवसर पर सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा ने अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि एसईसीएल का प्रयास है कि कोयलांचल में कोई भी प्रतिभा संसाधनों के अभाव में सपने देखना न छोड़े और हमारी यह पहल बच्चों को सपने देखने एवं उन्हें पूरा करने की आज़ादी देता है। मुझे विश्वास है कि ये बच्चे आगे चलकर डॉक्टर के रूप में अपनी सेवाएँ देकर एक स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में योगदान देंगे।

कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन में शुरू किए गए इस कार्यक्रम में छात्रों का चयन नीट पैटर्न पर आधारित एक प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से किया गया था, और बिलासपुर में एक निजी कोचिंग संस्थान के साथ साझेदारी में कोचिंग प्रदान की गई थी। इस कार्यक्रम में नियमित राष्ट्रीय स्तर की टेस्ट सीरीज़, मेंटरिंग और रहने-खाने की सुविधाएँ शामिल हैं, जिसका पूरा खर्च एसईसीएल द्वारा वहन किया जाता है।

**सामुदायिक सशक्तिकरण में मील का पत्थर साबित होगी यह योजना**

यह पहल बेहतर शिक्षा के माध्यम से कोयला क्षेत्र में समुदायों को सशक्त बनाने के एसईसीएल के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। गुणवत्तापूर्ण कोचिंग और सहायता प्रदान करके, एसईसीएल आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि के छात्रों के लिए एक उज्जवल भविष्य बनाने में मदद कर रहा है, जिससे वे अपने सपनों को पूरा कर सकें और समाज में योगदान दे सकें।




# एसईसीएल एवं एनटीपीसी के बीच एनटीपीसी खरगौन टीपीएस को कोयला आपूर्ति के लिए हुआ समझौता

**कोरबा/ बिलासपुर ( दिव्य आकाश )।**

कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियों एवं एनटीपीसी के बीच कोयले की आपूर्ति के लिए समझौते किए गए। इसी समझौते के तहत एसईसीएल एवं एनटीपीसी के बीच एनटीपीसी खरगौन को कोयला आपूर्ति के लिए एक फ्यूल सप्लाई एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए गए।

इस समझौते के तहत एसईसीएल एनटीपीसी खरगौन टीपीएस को सालाना 28.24 लाख टन कोयले की आपूर्ति करेगा।

एनटीपीसी खरगौन देश का पहला अल्ट्रा-सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट है और एसईसीएल के साथ हुए समझौते से प्लांट से सुचारु रूप से बिजली उत्पादन करने की क्षमता को मजबूती मिलेगी।

इस अवसर पर एनटीपीसी कार्यकारी निदेशक (फ्यूल मैनेजमेंट) प्रदीप्त कुमार मिश्रा की उपस्थिति में किए गए समझौते के दौरान एसईसीएल की ओर से महाप्रबंधक (विक्रय एवं विपणन) सीबी सिंह एवं एनटीपीसी से चिलकापाटी शिवकुमार, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (WR-w) एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सरोज ने जनादेश स्वीकारा, कहा -क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध रहूंगी

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**



कोरबा लोकसभा क्षेत्र की प्रत्याशी सरोज पांडेय ने कोरबा लोकसभा क्षेत्र के समस्त मतदाता भाई बहनों सहित प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, मन्त्रीगण, विधायकों के प्रति आभार जताया हैं । भाजपा प्रत्याशी सरोज पाण्डेय ने कहा कि चुनाव के शुरुआत से ही मतदान दिवस तक हर कदम पर साथ देने वाले भाजपा के जांबाज साथियों सहित सामाजिक संगठनों , व्यापारी बन्धुओं, सभी समाज के सम्मानीय पदाधिकारी व साथियों ने मेरा साथ दिया है, उन सबके के प्रति सादर आभार व्यक्त करती हूं। उन्होंने कहा - मैं जनादेश को स्वीकार करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा ही प्रतिबद्ध रहूंगी।

# एसईसीएल श्रद्धा महिला मण्डल ने 10वीं-12वीं के टॉपर विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**कोरबा/ बिलासपुर ( दिव्य आकाश )।**

एसईसीएल श्रद्धा महिला मण्डल द्वारा वसंत विहार स्थित रवींद्र भवन में मेधा सम्मान समारोह 2024 का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बिलासपुर जिला एवं एसईसीएल के सभी संचालन क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले कक्षा 10वीं एवं 12वीं के सरकारी स्कूलों के टॉपर बच्चों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

सम्मान के रूप में सभी विद्यार्थियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं 10000 रुपए की प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया गया। इसके साथ ही मण्डल द्वारा एक अभिनव पहल करते हुए सभी बच्चों को एक पौधा भी भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का आयोजन श्रीमती पूनम मिश्रा, अध्यक्षा श्रद्धा महिला मण्डल के मुख्य आतिथ्य में किया गया जिसमें श्रीमती राजी श्रीनिवासन, उपाध्यक्षा, श्रद्धा महिला मण्डल एवं मुख्यालय की सम्मानित सदस्यागण श्रीमती संगीता कापरी एवं श्रीमती बी अनीता की विशिष्ट उपस्थिति रही। इस अवसर पर मुख्यालय एवं संचालन क्षेत्रों की समितियों की सदस्यागण भी उपस्थित रहीं।




सम्मान समारोह के अंतर्गत बिलासपुर जिले एवं एसईसीएल के संचालन क्षेत्र, बैकुंठपुर, बिश्रामपुर, चिरिमिरी, हसदेव, भटगांव, जमुना-कोतमा, सोहागपुर, जोहिला, कोरबा, कुसमुंडा, दीपका, गेवरा, रायगढ़ आदि में अवस्थित सरकारी स्कूलों में 10वीं-12वीं में टॉप करने वाले 80 से अधिक छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सपने सम्बोधन में श्रीमती पूनम मिश्रा, अध्यक्षा श्रद्धा महिला मण्डल ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि श्रद्धा महिला मण्डल समाज के अंतिम व्यक्ति खासकर युवाओं और बच्चों तक पहुंच कर उनको सशक्त करने के लिए प्रयासरत है। उन्होने बच्चों से कहा आज आप कड़ी मेहनत करके इस स्थान पर पहुंचे हैं और आगे भी आपको इसी तरह मेहनत कर अपने और अपने माता-पिता के सपनों को साकार करना है और श्रद्धा महिला मण्डल जितना संभव हो सके इसमें आपकी मदद करेगा।

इस अवसर पर सम्मान पाकर बच्चे बेहद खुश नज़र आए और सभी बच्चों ने इस आयोजन के लिए मण्डल का धन्यवाद दिया और साथ ही आयोजन के दौरान मिले पौधे कि देखभाल कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

## पार्षद द्रौपदी वर्मा का हृदयाघात से निधन



**कोरबा।** गत 6 जून को कोरबा नगर निगम वार्ड क्रमांक 19 की भाजपा पार्षद श्रीमती द्रौपदी वर्मा का आकस्मिक निधन हो गया है। सौम्य, सरल, मृदभासी, सामाजिक, भाजपा पार्षद श्रीमती द्रौपदी वर्मा के आकस्मिक निधन की खबर से परिवार, रिश्तेदार, मित्र, आस-पड़ोस, सीएसईबी कालोनी सहित कोरबा भाजपा के पदाधिकारी एवं उनके शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ पडी। उनका अंतिम संस्कार इसी दिन उनके गृह ग्राम पाटन में किया गया।

# फर्जी प्रस्ताव पर मिली परसा कोल ब्लाक की सभी अनुमति रद्द करें

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

छत्तीसगढ़ के हसदेव अरण्य के जंगलों को कोयला खदान विस्तार व परसा ईस्ट केते बासन और परसा कोल ब्लाक के लिए काटने की अनुमति प्रदान की गई है। चुनाव खत्म होते ही अब हजारों की संख्या में पेड़ों की कटाई होगी जिसे रोकने के लिए छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा है। साथ ही कहा है कि कोल ब्लाक में खनन की वन संबंधी अनुमति फर्जी प्रस्ताव पर प्राप्त की गई है और ऐसी परिस्थिति में परसा कोल ब्लाक संबंधित सभी कार्यवाहियां स्थगित होनी चाहिए। डॉ. महंत ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया है कि 26 जुलाई 2022 को छत्तीसगढ़ विधानसभा ने हसदेव क्षेत्र की जलग्रहण क्षमता, बायोडायवर्सिटी और मानव हाथी द्वंद के कारण क्षेत्र के सभी कोल ब्लाक आबंटन और खनन अनुमति रद्द करने का सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया था, जिसे भाजपा ने भी पूर्ण समर्थन दिया। इसके बाद दिसंबर में भाजपा सरकार ने अपने शपथ ग्रहण से पहले ही राजस्थान-अडाणी की कोयला खदान के विस्तार और पेड़ कटाई की अनुमति दे दी। डॉ. महंत ने बताया कि परसा कोल ब्लाक में वन अनुमति हासिल करने फर्जी ग्रामसभा प्रस्ताव का उपयोग किया गया जिसकी जांच उपरांत ब्लाक में खनन हेतु जारी सभी अनुमतियों पर रोक लगाने का आदेश छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग द्वारा सरगुजा कलेक्टर को दिया गया है।

डॉ. महंत ने छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग छग शासन के सचिव द्वारा सरगुजा संभाग के आयुक्त को परसा कोल ब्लाक का विरोध के संबंध में जारी आदेश से अवगत कराते हुए कहा है कि कोल ब्लाक से संबंधित सभी अनुमतियों को रद्द किया जाए। परसा ईस्ट केते बसन कोल माइन के और विस्तार की अनुमति ना दी जाए और यदि कोई पेड़ कटाई अनुमति जारी की गई है उसे रद्द किया जाए।



# सीएमडी डॉ. प्रेम सागर मिश्रा ने भावी पीढ़ी के लिए पर्यावरण को संरक्षित करने का किया आह्वान

**कोरबा/ बिलासपुर ( दिव्य आकाश )।**

एसईसीएल मुख्यालय प्रशासनिक भवन प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस सोल्लासपूर्ण मनाया गया । इस अवसर पर प्रारंभ में मुख्य अतिथि अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डा. प्रेम सागर मिश्रा ने निदेशक (वित्त) जी. श्रीनिवासन, निदेशक तकनीकी (योजना/ परियोजना) फ्रेंकलिन जयकुमार, निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास, महाप्रबंधक (पर्यावरण) बी.के. जेना, विभिन्न विभागाध्यक्षों, अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति में पर्यावरण ध्वज फहराया उपरांत कोलइण्डिया कारपोरेट गीत बजाया गया। इस अवसर पर पर्यावरण विषयक पोस्टर एवं पर्यावरण दर्पण पत्रिका का विमोचन मंचस्थ अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रतिज्ञा का पठन अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ने किया जिसे समस्त उपस्थितों ने दोहराया। इस अवसर पर दिनेश पाण्डे एण्ड ग्रुप द्वारा जंगल, जल, जमीन संरक्षण पर केन्द्रित नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया जिसे समस्त उपस्थितों ने सराहा।




अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डा. प्रेम सागर मिश्रा ने भावी पीढ़ी के लिए पर्यावरण को संरक्षित करने का किया आह्वान हुए कहा कि वसुन्धरा को एक बेहतर कल के लिए संवरित करने हेतु एसईसीएल पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। हमारा प्रत्येक खनिक दृढ़ मनोबल लेकर प्रकृति को संरक्षित एवं सवंर्धित करने के लिए कृत संकल्पित हैं। यह हमारे उन जीवन मूल्यों के अनुसार ही है जैसा हमारे वेद शास्त्रों में उल्लेखित है . रक्षये प्रकृति पांतुलोका: . हे धरा के वासियों! प्रकृति की रक्षा करो।

निदेशक (वित्त) जी. श्रीनिवासन ने कहा जीवन को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाए रखने के लिए पर्यावरण संरक्षण अत्यावश्यक है, इस दिशा में प्रत्येक व्यक्ति को पुरजोर प्रयास करना चाहिए। हमें अपनी प्रकृति की रक्षा करनी चाहिए।

निदेशक तकनीकी (योजना/ परियोजना) फ्रेंकलिन जयकुमार ने कहा देश की मांग अनुसार हम कोयला उत्पादन करते हैं, साथ ही हमारी जिम्मेदारी यह भी है कि हम प्रकृति का सन्तुलन बनाए रखने के लिए पौधों का रोपण व उनका संवर्धन करें।

निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास ने कहा देश की ऊर्जा आपूर्ति के लिए कोयला उत्खनन के साथ-साथ हमारी कम्पनी एसईसीएल द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी कार्य किया किया जाता है।

कार्यक्रम के अंत में इस दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं निबंध प्रतियोगिता, वाक् प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि के करकमलों से पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में मुख्य अतिथि अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डा. प्रेम सागर मिश्रा ने निदेशक (वित्त) जी. श्रीनिवासन, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) फ्रेंकलिन जयकुमार, निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास, श्रद्धा महिला मण्डल अध्यक्षा श्रीमती पूनम मिश्रा, उपाध्यक्षा श्रीमती राजी श्रीनिवासन, श्रीमती बी. अनिता, महाप्रबंधक (पर्यावरण) बी.के. जेना, विभिन्न विभागाध्यक्षों, अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा औषधीय, फलदार पौधों व विविध पौधों का रोपण प्रशासनिक भवन स्थित प्रांगण में किया गया ।

इस अवसर पर मुख्यालय में कल्याण विभाग में कार्यरत यशवंत सिंह, प्रबन्धक की पुत्री श्रीनिका गिल द्वारा एक मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी गयी एवं डीएवी स्कूल के बच्चों द्वारा पर्यावरण पर एक सामूहिक गीत भी प्रस्तुत किया गया। अंत में उपस्थितों को धन्यवाद ज्ञापित डॉ. एमएस प्रियंका, एमटी, पर्यावरण विभाग ने किया । कार्यक्रम के सफल आयोजन में पर्यावरण विभाग टीम की सक्रिय भूमिका रही।

सौम्य वातावरण में स्थित छत्तीसगढ़ का सर्वोत्कृष्ट 7 स्टॉर रैंकिंग अवार्डेड सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम स्कूल

To make all the Students Intelligent With Smily

Features
✓ Innovative Curriculum
✓ Creative Experiential Learning
✓ Multipurpose Auditorium
✓ Well-equipped Science & Computer Lab
✓ State of the Art Infrastructure
✓ Indoor Outdoor Sports Activity Centers
✓ Certified Teachers
✓ Well furnished Classrooms
✓ Best Education Plans
✓ Smart Classes
✓ Safe Campus (CCTV)

Smart Classes, Digital School
ग्रामीण क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट शिक्षा का एक मात्र सीबीएसई विद्यालय वह भी कम फीस में...

CBSE SCHOOL
ADMISSION OPEN
SESSION 2024-25
PLAY GROUP TO CLASS XII
Green Campus Silent Zone

Nitesh Kumar Memorial
LIONS PUBLIC SCHOOL
AN ENGLISH MEDIUM SCHOOL
Affiliated to C.B.S.E. (New Delhi), CBSE AFFILIATION NO.:3330422
KORBA- CHAMPA ROAD, KHARHARKUDA, MADWARANI, DISTT. KORBA (C.G.)
Call@62612-97651, 74899-24435
Website : www.lionspublicschoolkharharkuda.com
E-Mail : lionspublicschoolkharharkuda@gmail.com

# ज्योत्सना महंत की लगातार दूसरी जीत के बाद पाली में कांग्रेसियों का जश्न: समीक्षा बैठक में कार्यकर्ताओं का गुस्सा, कहा-कांग्रेस छोड़कर जाने वाले नेताओं को कभी न लें वापस

## कई कांग्रेस कार्यकर्ता 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित

**पाली ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत की लगातार दूसरी विजय से कोरबा लोकसभा क्षेत्र में जश्न मनाने का दौर जारी है। इसी कड़ी में रविवार को पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। ज्ञातव्य हो कि श्रीमती महंत की जीत में पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र की एतिहासिक लीड रही और यहीं के मतदाताओं के बल पर श्रीमती महंत की जीत सुनिश्चित हो सकी।

आज रविवार को पाली के केराझरिया में पाली तानाखार विधानसभा क्षेत्र के हजारों कार्यकर्ता पहुंचे। समीक्षा बैठक हुई, जिसमें संकट के समय क्षेत्र के हजारों कार्यकर्ता एवं अवसर वादी नेता कांग्रेस से बिना त्यागपत्र दिए भाजपा का भगवा गमछा धारण कर लिया था। भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय की तोड़फोड़ की राजनीति से पाली-तानाखार सहित कोरबा को छोड़कर सभी 07 विधानसभा क्षेत्र के लोगों में जमकर आक्रोश था और सभी ने ठान लिया था कि अवसरवादी नेताओं को सबक सिखाया जाएगा और सभी क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकजुटता दिखाई और सरल एवं सौम्य व्यक्तित्व की धनी मिलनसार कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत को जीताने के लिए कमर कस ली। पाली तानाखार विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों दिग्गज भाजपा में प्रवेश कर गए और मोदी गारंटी के अहम में ओव्हर कॉन्फिडेंस में थे कि सरोज पांडेय काफी लीड से जीतेगी। इस भ्रम को पाल कर रखे अवसरवादी नेताओं को सबक सीखाने के लिए क्षेत्र के चाणक्य माने जाने वाले नेता एवं प्रदेश कांग्रेस के महासचिव प्रशांत मिश्रा ने सभी ब्लाक अध्यक्षों सहित दिग्गजों को एकजुट किया और क्षेत्र में घेराबंदी की। एक-एक बूथ पर फोकस किया और कार्यकर्ताओं को रिचार्ज किया, साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बूथ लेबल में जाकर श्रीमती ज्योत्सना महंत द्वारा 5 साल में किये गए उल्लेखनीय कार्यों को जनता तक पहुंचाए, साथ ही पांच साल कांग्रेस कार्यकाल में हुए क्षेत्र में विकास कार्यों को भी जनता तक पहुंचाया।

परिणाम स्वरूप 04 जून को ईव्हीएम से जो रिजल्ट सामने आया, उसमें पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को दो राउंड छोड़कर 20 राउंड में लीड मिलती रही और अंत में 50 हजार से अधिक लीड से कांग्रेस को यहां से बढ़त मिली। पूरे विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत को करीब 57 हजार वोटों से विजयश्री मिली।

ऐतिहासिक जीत के बाद क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल रहा और कार्यक्रम आयोजित कर जश्न मनाया। आज रविवार को पाली के केराझरिया में कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया, एक दूसरे को बधाई दी और मिठाई बांटकर खुशियां मनायी।

समीक्षा बैठम में जमकर कार्यकर्ताओं का आक्रोश भी दिखा। सभी ने एक स्वर में कहा जो संकट के समय कांग्रेस का साथ नहीं दिया, उन्हें सदा के लिए पार्टी से बाहर करें और कभी कांग्रेस में न लाएं। ऐसे अवसरवादी नेताओं की आवश्यकता कांग्रेस को नहीं है और सभी ने एक स्वर में प्रस्ताव भी पास किया।





## मात्र दीपक सोनकर इस्तीफा देकर भाजपा में गए

चुनाव से पूर्व पाली तानाखार विधानसभा क्षेत्र के हजारों कार्यकर्ता भाजपा में प्रवेश कर गए, लेकिन दीपक सोनकर को छोड़कर आज तक किसी ने अपना इस्तीफा कांग्रेस को नहीं सौंपा है। कांग्रेस को बिना बताए अवसरवादी नेता कांग्रेस को छोड़कर भाजपा में चले गए थे।

## आरोप: बूथ स्तर तक के नेताओं को मिली धमकी

समीक्षा बैठक में कई नेताओं ने भाजपा पर आरोप लगाया कि भाजपा के बड़े-बड़े नेता हमारे बूथ कार्यकर्ताओं को भी धमकी दे रहे थे कि भाजपा के लिए काम करो, लेकिन कार्यकर्ताओं ने कहा कि हम धमकी से नहीं डरे और हमारी मातृसंस्था कांग्रेस के लिए ईमानदारी से कार्य करते रहे और श्रीमती ज्योत्सना महंत को जीताने के लिए हमने पूरी ऊर्जा लगा दी। कार्यकर्ताओं ने कहा भाजपा नेताओं ने बूथ को टारगेट किया और फोन से धमकी देकर दबाव बनाते रहे। हम चुनाव तक उनके दबाव में नहीं आये और कांग्रेस को जीताने में सफल हो गए। कई कार्यकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि कई कार्यकर्ताओं को जबरन भाजपा में शामिल करने के लिए भाजपा के नेता दबाव बनाते रहे लेकिन हमारे ईमानदार कार्यकर्ता डिगे नहीं और अंत तक मैदान में डटे रहे।

## बूथ कार्यकर्ताओं की मेहनत से हम जीते-प्रशांत मिश्रा

समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस महासचिव प्रशांत मिश्रा ने सबसे पहले क्षेत्र की जनता और बूथ कार्यकर्ताओं सहित सभी कर्मठ कांग्रेसियों का आभार जताते हुए सभी का अभिनंदन किया और कहा कि शुरू से ही भाजपा का टारगेट पाली तानाखार विधानसभा क्षेत्र रहा और वे कांग्रेस के बूथ कार्यकर्ताओं को दबाव बनाते रहे , लेकिन हमारे कार्यकर्ता अडिग रहे और हम बूथ जीतने में सफल रहे। हर बूथ में हमने लीड की और कांग्रेस प्रत्याशी भाभीश्री श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत को जीताने में सफल रहे। पाली के कई अवसरवादी नेता भाजपा में चले गए और ओव्हर कॉन्फिडेंस में उनकी हार हो गई, जबकि हमने बूथ को फोकस किया और हमारे कार्यकर्ताओं को एकजूट रहने की टिप्स दी और हमारे बूथ कार्यकर्ता दबाव में नहीं आये और परिणाम बेहतर निकला। हमारा टारगेट पाली तानाखार विधानसभा क्षेत्र में 60 हजार की लीड लेना था, जिसमें हम लगभग सफल हुए और अन्य विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने भी एकजूट होकर लड़े।

## नगर पंचायत अध्यक्ष सहित कई बड़े नेता 6 साल के लिए कांग्रेस से निष्कासित

कोरबा लोकसभा क्षेत्र के पाली ब्लाक में कांग्रेस पार्टी एवं लोकसभा चुनाव में भीतरघात करने वाले तथा पार्टी छोड़ने वाले तथाकथित कांग्रेसियों को पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष यशवंत लाल ने उक्ताशय का पत्र पार्टी अध्यक्ष दीपक बैज, डॉ. चरणदास महंत एवं सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत को भी प्रेषित किया है। आज केराझरिया में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में निष्ठावान कार्यकर्ताओं की मांग पर सर्वसम्मती से यह प्रस्ताव पास किया गया और तथा कथित कांग्रेस नेताओं को 6 साल के लिए निष्कासित किया गया है। निष्कासित होने वाले नेताओं में शैलेष सिंह, जिला पंचायत सदस्य गणराज सिंह कंवर, अनिल सिंह परिहार, जनपद सदस्य अंजू श्यामा पांडेय, नगर पंचायत अध्यक्ष उमेश चंद्रा, जनपद उपाध्यक्ष नवीन सिंह ठाकुर, प्रवीण सिंह, पार्षद विष्णु ताम्रकर, पार्षद मुकेश अग्रवाल, पार्षद मंजू जायसवाल, पार्षद रोहित प्रजापति, नगर पंचायत उपाध्यक्ष विनय सोनकर, सत्यनारायण कश्यप, लखेश्वर जगत, दिलीप कंवर, निर्मला पटेल, प्रीति जगत, मनोज वर्मा, सुनील अग्रवाल, गजेन्द्र सिंह, राजकुमार तंवर, कलेश्वर कश्यप, जसवंत लकरा, दशरथ कश्यप सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हैं। इन्हें 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित किया गया है।

## चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने वाले कार्यकर्ता संगठन में होंगे उपकृत

प्रदेश कांग्रेस महासचिव प्रशांत मिश्रा ने समीक्षा बैठक में ऐलान किया कि लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने वाले कार्यकर्ताओं को उपकृत किया जाएगा और संगठन में बेहतर स्थान दिए जाएंगे। भीतरघात करने वाले कार्यकर्ताओं की पहचान की जाएगी और ऐसे कार्यकर्ताओं को पार्टी से बाहर निकाला जाएगा। कार्यकर्ता सम्मेलन को ब्लाक अध्यक्ष यशवंत लाल सहित अन्य ब्लाक अध्यक्षों ने भी संबोधित किया और कहा कि यह जीत जनता और कार्यकर्ताओं की जीत है और यह तो निश्चित हो गया कि क्षेत्र के कार्यकर्ता महंत परिवार के साथ है। महंत परिवार ने क्षेत्र के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। भाजपा के लोग कई गलत आरोप भी लगाए, लेकिन जनता ने भाजपा को इन आरोपों का जवाब दिया और श्रीमती ज्योत्सना महंत को भारी मतों से जीत दिलाकर देश के सर्वोच्चसदन तक फिर पहुंचाया। सभी वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र के विकास में हम सभी सांसद के साथ हैं और एकजुटता से विकास के लिए काम करेंगे।

LIC है तो कहीं और क्यों जाएं...?
एलआईसी कराएं... परिवार में सुख-समृद्धि पाएं
LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
आज ही बीमा कराएं अपने और अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित एवं बेहतर बनाएं
नई योजनाओं की जानकारी आज ही लें।
सालिक राजवाड़े (बीमा अभिकर्ता)
कार्पोरेट ऑफिस - वेदांत बीमा सेवा केंद्र
प्रेस क्लब के सामने, रिकाण्डो रोड टी.पी. नगर कोरबा
मो.नं.-90987-52955, 99262-57886

# शराब दुकान में मिलावट का खेल:अंग्रेजी वाइन शॉप में आबकारी विभाग ने की छापेमारी, पकड़े गए सुपरवाइजर, सेल्समैन और मल्टीवर्कर

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा में ट्रांसपोर्ट नगर स्थित विदेशी शराब दुकान में जिला आबकारी विभाग की टीम ने छापेमारी की। शराब दुकान के कर्मचारियों को मिलावट करते रंगेहाथों पकड़ा है। इसमें सुपरवाइजर, सेल्समैन और मल्टीवर्कर शामिल थे।

बताया जा रहा है कि विदेशी शराब दुकान में कर्मचारी शराब दुकान बंद होने के बाद चोरी छिपे कम रेट के शराब को अधिक रेट में बेचते थे। शराब की बोतलों में मिलावट का काम कर रहे थे। इसकी शिकायत आबकारी विभाग से की गई।

**मिलावट करते पकड़े गए सुपरवाइजर, सेल्समेन और मल्टीवर्कर**

इसके बाद आबकारी विभाग की संयुक्त टीम दुकान खुलते ही मौके पर पहुंची। जांच कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान सुपरवाइज़र प्रतिपाल यादव, सेल्समेन प्रवीण जयसवाल और मल्टींवर्कर होलिका सिंह को मदिरा मिलावट करते पकड़ा गया। बताया जा रहा कि आरोपियों के कब्ज़े से 6 मैकडॉवेल्स नम्बर 1 की बॉटल में भरी मिलावटी शराब, 6 मैकडॉवेल्स हृश. 1 बॉटल की ख़ाली शीशी ढक्कन, 6 नग गोवा व्हिस्की बॉटल ख़ाली शीशी, 04 नग ऑफ्टरडार्क बॉटल की ख़ाली शीशी और ढक्कन बरामद किया गया।

**उच्च अधिकारियों से सांठ गांठ**

बताया जा रहा है कि ये खेल काफी लंबे समय से चल रहा था, जिसकी शिकायत ग्राहक भी कर रहे थे। विभाग को इंतजार था कि कब इस खेल का पर्दाफाश करें। बताया यह भी जा रहा है कि जिले में कई ऐसे शराब दुकान हैं, जहां शराब में मिलावट का अवैध कारोबार किया जा रहा है। कहा जा रहा है कि उच्च अधिकारियों से उनकी सांठ गांठ है।

## रेत तस्कर द्वारा दिव्य आकाश प्रतिनिधि पर हमले की कोशिश

**कोरबा/ कटघोरा ( दिव्य आकाश )।**

अहिरन नदी से रेत की भारी मात्रा में अवैध तस्करी करने वाले एक रेत तस्कर ने दिव्य आकाश प्रतिनिधि पर हमला करते हुए मोबाईल छीन लिया और थाना जाने की धमकी दी। थाना पहुंचने पर रेत तस्कर ने कई लोगों को बुला लिया। थाना प्रभारी श्री तिवारी के सामने बुलाए गए किराये के लोगों ने दिव्य आकाश प्रतिनिधि पर पहले पांच लाख, फिर पचास हजार मांगने का आरोप लगा दिया। थाना प्रभारी ने उन्हें फटकारते हुए समझाईश दी कि व्यवसाय विवाद में पड़कर मत करो, इससे विकास रूक जाता है। दिव्य आकाश प्रतिनिधि ने भी कोई कार्रवाई नहीं करने की गुजारिश की और सहमति पत्र में हस्ताक्षर लिया। इस सहमति को रेत तस्कर द्वारा माफी नामा कहकर कटघोरा में भ्रम फैलाया जा रहा है। रेत तस्कर के साथ कई फर्जी लोग भी पहुंचे थे, जो दिव्य आकाश प्रतिनिधि पर अनर्गल आरोप लगा कर थाना में दबाव बनाने की कोशिश की लेकिन कामयाब नहीं हुए।

र्‍यूमीकैप (RHEUMICAP)
र्‍यूमीकैप वात सम्बन्धित रोग जैसे शूल, आमवात, सन्धिवात, कटिग्रह, गृध्रसी में अचूक औषधि है, र्‍यूमीकैप कुचला, इन्द्रायान, मूल गुडूची, रसौल, लहसुन, कुलिंजन बीज, शु. गुग्गुल, रास्नापत्र, इन्द्रजौ और अमलताश आदि औषधियों का मिश्रण है। इस औषधि का प्रधान कार्य वातवाहिनी नाड़ियों पर होता है। जब वायु कुपित हो भयंकर वेदना उत्पन्न करती है तब यह कैप्सूल विशेष प्रभावकारी होता है।
Rehumicap CAPSULE 60 Cap.
Bharat Ayurvedic Works, Mob.: 9897489900

आयुर्वेदिक चिकित्सा परामर्श
गठिया, जोड़ों का दर्द, साईटिका, श्वास, दमा, खांसी पुराना नजला, गैस, खाज, खुजली, शुगर, बवासीर, पथरी, लिकोरियो मर्दो व औरतों के गुप्त रोगों के निराश रोगी ईलाज के लिए मिलें।
डॉ. वाय. भारद्वाज (एम.डी.) (एन.एम.)
शराब छुड़ाने की हर्बल दवा उपलब्ध
सीएसईबी चौक | स्टेडियम रोड | ट्रांसपोर्ट नगर चौक | मुड़ापार रोड
पतंजलि | बैद्यनाथ | Dabur | ZANDU
सभी कंपनियों के आयुर्वेदिक दवाईयों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता
Roop Kanchan
Want to lighten your skin tone
एक कदम आयुर्वेद की ओर ... स्वस्थ रहो अभियान...
शिव हर्बल आयुर्वेदिक एण्ड कॉस्मेटिक
शॉप नं. 07 अल्का काम्प्लेक्स, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो.: 9302358945

स्वामी , प्रकाशक ,मुद्रक युधिष्ठिर राजवाड़े द्वारा आकाश आफसेट टीपी नगर कोरबा से मुद्रित कर प्रेस क्लब भवन के सामने रिकाण्डो रोड कोरबा से प्रकाशित संपादक युधिष्ठिर राजवाड़े मो.नं.-98266-47851 आरएनआई नंबर CHHHIN/2010/47078 Email :-divyaakash.news@gmail.com